# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025






आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹86783/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹105990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹115698/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### दिल्ली-पटना त्योहार विशेष वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए 11 अक्टूबर से दिल्ली और पटना के बीच एक त्योहार विशेष वंदे भारत ट्रेन चलाएगा। यह विशेष ट्रेन 15 नवंबर तक इस मार्ग पर चलाई जाएगी। नई दिल्ली से पटना जाने वाली 02252 नंबर की यह ट्रेन इस अवधि के दौरान 16 चक्कर लगाएगी और हर सोमवार, बुधवार और शनिवार को अपनी सेवायें प्रदान करेगी।

### ईडी ने कुर्क कीं 40 करोड़ रुपए की संपत्तियां

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक एमयूडीए से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में 40 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार अक्टूबर को 34 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया था। जिसमें एमयूडीए (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) के कुछ भूखंड भी शामिल हैं।

### सैयामी 'आयरनमैन इंडिया' की ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और खिलाड़ी सैयामी खेर को 'आयरनमैन इंडिया' का



आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया है। उन्होंने एक साल से भी कम समय में दो कठिन 'आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन' पूरा करने के बाद यह सम्मान हासिल किया है। 'घूमर', 'चोक्ड', 'जाट' और '8 ए.एम. मेट्रो' जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली सैयामी ने सितंबर 2024 में अपना पहला और जुलाई 2025 में दूसरा 'आयरनमैन 70.3' पूरा किया।

### तिरुपति में विव, हेलीपैड को उड़ाने की धमकी

**तिरुपति।** श्री वेंकटेश्वर कृषि विश्वविद्यालय और मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के दौरे के लिए बनाए गए हेलीपैड को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में फर्जी साबित हुई। विश्वविद्यालय को भेजे गए एक ईमेल में उल्लेख किया गया था कि विश्वविद्यालय में और उसके आसपास पांच आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं। आज एक धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया कि एसवी कृषि विश्वविद्यालय और हेलीपैड पर विस्फोटक लगाए गए हैं।

## केन्द्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद 9 माह में टॉप 10 सीसी व पोलित ब्यूरो मेंबर ढेर

# इस तरह होगा नक्सलवाद का खात्मा...

*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद बस्तर संभाग में फोर्स नक्सलियों के सफाए के लिए लगातार कोर इलाके अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में आपरेशन चला रही है। पिछले नौ माह में नक्सल प्रभावित राज्यों में दस शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया गया है। इन नक्सलियों मे नक्सल महासचिव व पोलित ब्यूरों मेंबर बसवाराजू और तीन सीसी मेंबरों को बस्तर पुलिस ने नारायणपुर व बीजापुर जिले में मार गिराया।*

**राजेश दास ▸▸| जगदलपुर**

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

अब फोर्स का फोकस 10 शीर्ष लीडर और 3 सौ बंदूकधारी नक्सलियों पर है। इनके सफाए के साथ ही बस्तर से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। बचे हुए लाल लड़ाकां को टॉरगेट करने के लिए फोर्स लगातार लाल गलियारे में नई रणनीति के साथ ऑपरेशन चला रही है। फोर्स अब उन 10 टॉप मोस्ट नक्सलियों को टॉरगेट करने प्रयासरत है जिन पर केवल छत्तीसगढ़ में ही 7 करोड़ रूपए का इनाम घोषित है, इनमें 4 करोड़ के इनामी 4 पोलित ब्यूरो व 3 करोड़ के इनाम 6 सेंट्रल कमेटी मेंबर शामिल हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद बस्तर पुलिस सरकार की मंशा के अनुरूप सरेंडर करो या मरो की रणनीति पर काम करते हुए छग की फोर्स के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा, आ्रध्रप्रदेश, तेलगांना व महाराष्ट्र स्टेट की फोर्स के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर करोड़ों के ईनामी टॉप मोस्ट नक्सलियों को टॉरगेट करने लगातार ऑपरेशन चला रही है। मुठभेड़ों में लगातार टॉप मोस्ट नक्सलियों के मारे ▸▸|शेष पेज 6 पर

**बच गए 3 सौ बदूंकधारियों की तलाश की तेज**



1 टॉप नक्सलियों में पोलित ब्यूरो व सलाहकार सेट्रंल कमेटी मेंबर मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ श्रीनिवास उर्फ दयानंद उर्फ चन्द्रशेखर, 75 वर्ष निवासी वीरपुर मंडल सरंगापुर तेलगांना का नाम आता है, जिस पर केवल छग में 1 करोड़ का इनाम घोषित है।



10 बस्तर का एक मात्र माओवादी माडवी हिड़मा उर्फ हिडमन्ना उर्फ हिडमालू उर्फ संतोष उर्फ देवा 46 वर्ष निवासी ग्राम पूवर्ती थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा शामिल है।

### सुरक्षा बलों का आत्मविश्वास बढ़ा है

हाल के महीनों में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए शीर्ष माओवादी कैडर बसवराजु, सुधाकर, कोसा और रामचंद्र रेड्डी को मार गिराया जिससे नक्सल संगठन सदमे में है। वरिष्ठ नेताओं की समाप्ति से प्रतिबंधित एवं अवैध भाकपा (माओवादी) संगठन का नेतृत्व तंत्र पूरी तरह बिखर गया है। सुरक्षा बलों का आत्मविश्वास, मनोबल और अभियान की गति लगातार बढ़ी है। माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है, जबकि सुरक्षा बल क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की दिशा में निर्णायक बढ़त हासिल कर चुके हैं।

**-सुंदरराज पट्टलिंगम**, आईजी बस्तर

### 7 करोड़ के ईनामी दस टॉप लीडर बच गए, उन पर फोकस

**10 टॉप मोस्ट नक्सलियों में यह शामिल**



2 दूसरे नम्बर पर है 1 करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो, सेट्रल कमेटी, सचिव सीआरबी व प्रवक्ता मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ विवेक उर्फ भूपति 70 वर्ष निवासी ग्राम पेद्दापल्ली जिला करीमनगर तेलगांना का नाम आता है।



3 तीसरे टॉप मोस्ट नक्सली में पोलित ब्यूरो, सेन्ट्रल कमेटी, सेन्ट्रल रीजनल ब्यूरो व प्रभारी सेन्ट्रल मिलिट्री कमीशन 62 वर्षीय थिप्परी तिरूपति उर्फ देवजी का नाम आता है ।



4 वही चौथे और अतिंम पोलित ब्यूरो मेंबर में पीजी तक शिक्षित 63 वर्षीय मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर का नाम आता है जो ग्राम सनथल मधुनदी, थाना कीर्तन, जिला गिरडीह झारखण्ड का रहने वाला है।



5 पांचवे नंबर पर इनमें पुल्लरी प्रसाद राव उर्फ शंकरन्ना 64 वर्ष निवासी वेडकापूर मंडल पेद्दापल्ली करीमनगर तेलगांना का नाम आता है।



6 छठवें नंबर गणेश उईके उर्फ गणेश उर्फ राजेश तिवारी उर्फ चमरू दादा उर्फ पाका हनुमन्थलू 64 वर्ष निवासी ग्राम पुल्लेमला मंडल चंदूर जिला नालकोंडा तेलगांना हैं।



7 7वें नंबर पर अनल दा उर्फ तुफान दा उर्फ पतिराम माझी निवासी झारावाली थाना डुमरी जिला गिरीडीह झारखण्ड, गजराला रवि उर्फ उदय 59 वर्ष निवासी वेलीशाला थाना चित्य जिला वारंगल तेलगांना हैं।

8 आठवें स्थान पर मल्ला राजा रेड्डी उर्फ सग्रांम उर्फ मुरली उर्फ सुथेन्ना उर्फ सायन्ना उर्फ मीशालन्ना उर्फ आलोक उर्फ देशपाण्डे उर्फ एसएन उर्फ लक्ष्मण का नाम आता है।

9 9वें नंबर पर रामदेर उर्फ मज्जीदेव उर्फ मजबी हैं।

**9 माह में ढेर टॉप 10 सीसी व पोलित ब्यूरो मेंबर में यह शामिल**

छग समेत देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में पिछले एक जनवरी से 22 सितम्बर 2025 के बीच सुरक्षाबलों ने करोड़ों के ईनामी 10 टॉप लीटरों का खात्मा कर दिया है। इनमें चार शीर्ष नक्सलियों को बस्तर पुलिस ने मार गिराया इनमें महासचिव एवं पोलित ब्यूरो मेंबर बसवा राजू उर्फ नंबाला केशवा राव को सुरक्षाबलों ने 21 मई को नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में मार गिराया। इसके अलावा तीस सीसी मेंबर को भी बस्तर पुलिस ने ढेर किया ▸▸|शेष पेज 6 पर

**कोर्ट में अभूतपूर्व घटना**

## सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब सुनवाई के दौरान एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की। अचानक घटी इस घटना से कुछ देर के लिए अदालत कक्ष में अफरातफरी मच गई, हालांकि सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाल ली और आरोपी को हिरासत में ले लिया। यह अभूतपूर्व घटना तब हुई जब सर्वोच्च न्यायालय में खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों की पुनर्स्थापना से जुड़ी याचिका पर सुनवाई चल रही थी। कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर अचानक खड़ा हुआ और "सनातन का अपमान नहीं सहेंगे" के नारे लगाते हुए जूता फेंकने का प्रयास किया। जूता बेंच तक नहीं पहुंच सका और फर्श पर गिर गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। करीब तीन घंटे तक पूछताछ के बाद, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के ▸▸|शेष पेज 6 पर

### क्या है पूरा मामला?

घटना उस विवाद से जुड़ी है, जब सीजेआई गवई ने मध्य प्रदेश के जावरी मंदिर में 7 फुट के विष्णु प्रतिमा के पुनर्स्थापन की याचिका खारिज करते हुए कहा था, 'यह केवल प्रचार संबंधित मामला है। अब खुद देवता से पूछो। आप भगवान विष्णु के सच्चे भक्त हैं, तो अब जाकर प्रार्थना करो।

### वकील राकेश का लाइसेंस रद्द

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाला वकील राकेश किशोर को बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें किसी भी न्यायालय, ट्रिब्यूनल या अधिकरण में पेश होने, वकालत करने या पैरवी करने की अनुमति नहीं होगी। बीसीआई ने आरोपी वकील का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

**कई बदलाव कुछ नए प्रयोग के साथ बिहार में विधानसभा चुनाव**

# बिहार में चुनावी बिगुल, 6 और 11 नवंबर को मतदान, 14 को नतीजे

**हरिभूमिन्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

बिहार में चुनावी बिगुल बजने का इंतजार खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए मतदान कराने का फैसला लिया गया है। पहले चरण का चुनाव 6 नवंबर और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर तय की गई है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की आधिकारिक घोषणा कर दी। राज्य में इस बार चुनाव दो चरणों में होंगे- पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को, जबकि मतगणना और परिणाम की घोषणा 14 नवंबर को की जाएगी। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आयोग इस बार चुनाव को "सबसे पारदर्शी, सुरक्षित और समावेशी" बनाने के लिए कई नई पहलें कर रहा है। इसके तहत बिहार में 17 चुनावी सुधार लागू किए जाएंगे जिन्हें आगे चलकर पूरे देश में अपनाया जाएगा। इनमें हर मतदान केंद्र पर वेबकैस्टिंग, उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा और एक बूथ पर अधिकतम 1,200 मतदाता जैसी ▸▸|शेष पेज 6 पर

**वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को हो रहा समाप्त**





**14 लाख मतदाता पहली बार डालेंगे वोट**

**90,712 मतदान केंद्र, हर केंद्र पर औसत 818 मतदाता**

**पहला चरण- 121 सीटें**

| चुनाव कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|
| नामांकन के लिए अधिसूचना | 10 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि | 17 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र जांच - | 18 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र वापसी- | 20 अक्टूबर |
| मतदान की तिथि- | 6 नवंबर |

**दूसरा चरण-122 सीटें**

| चुनान कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|
| नामांकन के लिए अधिसूचना - | 13 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि- | 20 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र जांच- | 21 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र वापसी- | 23 अक्टूबर |
| मतदान की तिथि - | 11 नवंबर |
| मतगणना का तिथि | 14 नवंबर |
| चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि | -16 नवंबर |




**निष्पक्ष और सुचारु चुनाव के लिए तैयारियां:** चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और सुचारु चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। मतदाताओं की भीड़ कम करने के लिए प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी गई है। चुनाव से पहले एसआईआर प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे मतदाता सूची को 'शुद्ध' किया जा सका है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग, और उम्मीदवारों की पहचान आसान बनाने के लिए ईवीएम पर रंगीन फोटो जैसी 17 नई पहल शुरू की जा रही हैं। वर्तमान 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त पहले ही यह स्पष्ट कर दिल्ली लौटे थे कि चुनाव प्रक्रिया इस समय सीमा से पहले पूरी कर ली जाएगी।

### मुद्दों पर टकराएंगे तेवर

बेरोजगारी, प्रवासन, कृषि, कानून-व्यवस्था और विकास कार्य इस चुनाव के प्रमुख मुद्दे होंगे। भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार अपने "सुशासन" और विकास योजनाओं के आधार पर वोट मांगेगी, वहीं महागठबंधन युवाओं के रोजगार और सामाजिक न्याय के सवाल को चुनावी एजेंडा बना रहा है।

### सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ज़ोर

चुनाव आयोग ने कहा कि प्रत्येक चरण में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी और "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत किसी भी गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मतदाता सूची में बड़ा बदलाव

इस बार विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं, जबकि 3.66 लाख नाम हटाए गए। अंतिम सूची में अब कुल 7.42 करोड़ मतदाता दर्ज हैं। विपक्ष ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे "पक्षपातपूर्ण" बताया है और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

### राजनीतिक जंग और प्रमुख खिलाड़ी

बिहार की सियासी जंग इस बार भी बेहद रोचक मानी जा रही है। मुकाबला मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, और रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की नई पार्टी जन सुराज इस बार त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना बढ़ा रही है।

## पहाड़ी कोरवा मरीज को 24 घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस



**अंबिकापुर।** सरगुजा में संजीवनी 108 एंबुलेंस को लेकर स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी गंभीर स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस के लिए या तो घंटों इंतजार करना पड़ रहा है या फिर उन्हें निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में एक बार फिर से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को एंबुलेंस के लिए 24 घंटे तक इन्तजार करना पड़ा। एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप से घायल मरीज बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में पूरे एक दिन ▸▸|शेष पेज 6 पर








# बस्तर दशहरा लोकोत्सव में संगीत और संस्कृति का शानदार संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर के लालबाग में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव के दूसरे दिन सोमवार का आयोजन संगीत और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। सारेगामा फेम गायिका रूपाली जग्गा ने अपनी मनमोहक आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके गीतों पर दर्शक झूम उठे और पूरा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा एवं दर्शकों ने मोबाइल के टार्च से गायिका का उत्साहवर्धन किया।

### सारेगामा फेम गायिका रूपाली जग्गा ने दर्शकों का जीता दिल







### समृद्ध लोक संस्कृति की दिखी झलक

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी पारंपरिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और गीतों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, महापौर संजय पाण्डेय सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### एक- एक लाख के 3 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**गरियाबंद।** नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चला रही गरियाबंद पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। गरियाबंद-धमतरी-नुआपड़ा डिवीजन में सक्रिय तीन नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में नागेश, जैनी और मनीला शामिल हैं। तीनों पर 1-1 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जानकारी के मुताबिक, नागेश ने अपने पास रखे देशी हथियार के साथ सरेंडर किया। ये तीनों नक्सली पिछले 5 से 8 सालों से संगठन में सक्रिय थे और कई बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये सभी शीर्ष माओवादी नेताओं के करीबी सहयोगी के रूप में काम करते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने राज्य सरकार की समर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है।

### नक्सलियों की लगाई आईईडी बरामद, 3 संदेही हिरासत में



**दंतेवाड़ा।** सातधार पुल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति की मुखबिर से सूचना पर आज मालेवाही कैंप से थाना स्टाफ तथा सीआरपीएफ का संयुक्त बल सातधार की ओर रवाना हुए थे। मौके पर 3 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे जिन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम संतु मंडावी 36 वर्ष निवासी कहचेनार, मनीराम उर्फ मनीष 24 वर्ष निवासी कहचेनार,सुखमन मंडावी 24 वर्ष निवासी कहचेनार बताया है। प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई एम में सक्रिय सदस्य के रूप में काम करना स्वीकार किया। सातधार पुल के पास हाल ही में हुए आईईडी ब्लास्ट जिसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए थे की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। एक जिंदा प्रेशर आईईडी लगे होने की बात भी स्वीकार की।

### बिजली की रफ्तार से बढ़ी खपत, 5 साल में 40 फीसदी ज्यादा डिमांड

**रायपुर।** प्रदेश में बिजली की खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। पांच साल पहले प्रदेश में बिजली की खपत पांच हजार मेगावाट से भी कम होती थी। पांच साल पहले 2021-22 में खपत ने पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा छुआ। इसके बाद से खपत राकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। पांच साल में जहां खपत 40 फीसदी बढ़ गई है, वहीं राज्य बनने के बाद से अब तक पांच गुना बढ़ गई है। 2001 में खपत 1309 मेगावाट थी जो 2005 में 7006 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस साल गर्मी में खपत 7006 सौ मेगावाट तक चली गई थी। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ताओं में इजाफा होने के कारण खपत भी बढ़ रही है।

## अब खदानों का निर्धारण करेगी कलेक्टर की बनाई समिति

# रेत रॉयल्टी पर्ची की वैल्यू खत्म, खदान लेते वक्त एकमुश्त रकम जमा करनी होगी, सरकार को मिलेंगे 500 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

- राज्य सरकार ने रेत खनन के लिए बनाया नया नियम

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रेत खदानों की नीलामी का नया नियम बनाया है। खास बात ये है कि अब खदान के लिए जितने रकबे की पर्यावरण सम्मति मिलेगी उसी हिसाब से ठेकेदार को पूरे रकबे की राशि चार किस्तों में खनिज विभाग को जमा करनी होगी। इस प्रक्रिया के बीच रेत रॉयल्टी पर्ची की वैल्यु खत्म हो जाएगी। ठेकेदार अब अपने ही क्षेत्र में रेत खनन करे या नहीं करे, उसे रेत मूल्य अदा करना होगा। अनुमान है कि इस प्रक्रिया के जरिए सरकार को 500 करोड़ रुपयों तक का राजस्व मिलेगा। अब तक रेत से मात्र 30 करोड़ ही मिलते थे। राज्य सरकार ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत( उत्खनन एवं व्यावसाय) नियम 2025 बनाया है। यह नियम लागू भी हो गया है। अब रेत के लिए जिला स्तरीय समिति बनाई जाएगी। समिति में जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर अधिकारी शामिल किए जाएंगे। इसी समिति के अनुसार रेत खनिज की उपलब्धता, नदी का बहाव, आदि का परीक्षण कर खनन क्षेत्र का चिन्हांकन, सीमांकन, किया जाएगा और जिला कलेक्टर द्वारा खदान घोषित किया जाएगा।

### मौजूदा ठेकेदारों के आवेदन अमान्य

राज्य में नया नियम लागू होने के साथ ही पूर्व में उत्खनन पट्टा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय( अनुसूचित क्षेत्र के हेतु) नियम 2023 के तहत सभी आवेदन अमान्य हो जाएंगे। लेकिन ऐसे प्रकरण जो गौण खनिज साधारण रेत नियम 2019 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय( अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 के तहत अनुबंधित है, उन पट्टों पर शेष कालवधि तक लागू पट्टे की सभी शर्तों के अध्याधीन मान्य समझा जाएगा।



### अब बोली लगेगी रिवर्स ऑक्शन से

नए नियम के तहत अब जिला कलेक्टर रेत खदानों की नीलामी रिवर्स ऑक्शन से करेंगे। इसके लिए आमंत्रण की सूचना विभगीय वेबसाइट, समाचार पत्रों में प्रकाशन, संबंधित जिला कलेक्टर, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, एवं स्थनीय नगरीय निकाय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी।

### अब इस तरह राजस्व मिलेगा 500 करोड़

खनिज विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नई प्रक्रिया से राज्य सरकार को रेत से करीब 500 करोड़ रुपए राजस्व मिलने की संभावना है। जबकि इसके पहले तक रेत से मात्र 30 करोड़ तक की राशि मिलती थी। अब होगा ये कि एक ठेकेदार को जितने क्षेत्र में रेत खनन के लिए पर्यावरण सम्मति मिलेगी उसमें रेत की मात्रा के हिसाब से चार किस्तों में राशि जमा करनी होगा। ठेकेदार रेत खनन करे या नहीं करे, उसे राशि जमा करनी ही होगी। अनुमान है कि अब एक खदान के लिए कम से कम एक करोड़ रुपए राशि अदा करनी होगी। यह भी उल्लेखनीय है पड़ोसी मप्र को रेत से सालाना 1200 करोड़ तथा तेलंगाना को 800 करोड़ रुपए मिलते हैं।

### अब रॉयल्टी पर्ची की वैल्यू खत्म

अब से पहले ये होता था कि ठेकेदार अपने क्षेत्र में जितनी रेत का खनन करता था, उसके हिसाब से रॉयल्टी पर्ची कटती थी और उसी के हिसाब से सरकार को राजस्व मिलता था। माना जाता है कि ठेकेदार अगर दिन भर में 20 ट्रक रेत निकालता तो अपनी मर्जी से 5 या 10 ही पर्ची कटवाता था। लेकिन नई प्रक्रिया में रॉयल्टी पर्ची की कोई वैल्यु नहीं रह जाएगी। पट्टाधारी, शासन द्वारा समय समय पर निर्धारित रॉयल्टी प्रति घन मीटर की दर से चार किस्तों में जमा करेगा।

### अब कितनी हो सकेगी नदी की खुदाई

नियम में साफ किया गया है कि नदी की सतह से तीन मीटर की गहराई या नदी में बैड रॉक के उपर एक मीटर तक ही साधारण रेत का उत्खनन किया जाएगा। नदी के दोनों तटो से नदी की चौड़ाई का 10 प्रतिशत क्षेत्र छोड़कर उत्खनन किया जाएगा। किसी प्राकृतिक जल स्रोत, बांध, जलाशय या अन्य किसी संरचना से सौ मीट की दूरी के भीतर उत्खनन नहीं किया जाएगा। किसी पुल, राष्ट्रीय या राजमार्ग से दो सौ मीटर के भीतर उत्खनन नहीं किया जाएगा।

### खनन पट्टे का पात्र कौन होगा

उत्खनन पट्टे की पात्रता के संबंध में कहा गया है कि बोलीकर्ता ऐसे व्यक्ति होना चाहिए जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो या कंपनी, फर्म, सोसाइटी, सहकारी सोसाइटी होने पर संबंधित अधिनियम, नियम के अधीन पंजीकृत होना चाहिए।

## दिल्ली-रायपुर के बीच 7 वीं फ्लाइट 26 से ट्रेक पर




**रायपुर।** बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए ठंड के मौसम में इंडिगो एयरलाइंस दिल्ली-रायपुर के बीच अपनी पांचवीं फ्लाइट की शुरुआत करने की तैयारी में है। एयर इंडिया की दो फ्लाइट मिलाकर इस सेक्टर में नियमित रूप से 7 फ्लाइट संचालित होंगी। नई फ्लाइट दोपहर सवा 12 बजे रायपुर आकर 12.45 बजे वापसी के लिए उड़ान भरेगी।

रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रतिदिन दिल्ली के लिए इंडिगो की 4 और एयर इंडिया की 2 फ्लाइट आवाजाही करती हैं। इतनी संख्या में उड़ानें संचालित होने के बाद भी इस सेक्टर का किराया अधिक होता है। ठंड के मौसम में अच्छे ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए इंडिगो ने 26 अक्टूबर से अपनी नई फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की है। शेड्यूल जारी होने के साथ इसके लिए टिकट बुकिंग भी प्रारंभ की गई है। जानकारी के अनुसार, यह फ्लाइट 6ई 2120 के रूप में दिल्ली से सुबह 10.15 बजे उड़कर 12.15 बजे रायपुर पहुंचेगी। यहां से दोपहर 12.45 बजे टेकऑफ कर दोपहर 2.45 बजे दिल्ली में लैंड होगी। इसके अलावा मुंबई की चौथी और भोपाल की दूसरी फ्लाइट भी प्रस्तावित है, मगर उसका शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

# स्टेट बार कौंसिल चुनाव की मतगणना 13 से, एक महीने का लगेगा समय

**बिलासपुर।** स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें स्टेट बार की ओर से कहा गया कि चुनाव में मतदान की प्रक्रिया 30 सिंतबर को पूरी कर ली गई है। अब मतगणना की जानी है। काउंटिंग पूरी होने में एक महीने का समय लगने की बात भी कही गई। काउंटिंग की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होने और इसके लिए अलग से अधिसूचना 6 अक्टूबर को जारी कर देने की बात भी कही गई। कोर्ट ने 17 नवंबर को अगली सुनवाई रखी है।

गौरतलब है कि 6 साल से स्टेट बार कौंसिल के चुनाव नहीं कराए जा रहे थे। इसे लेकर जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि निर्वाचित पदाधिकारियों के नहीं होने से अधिवक्ताओं के वेलफेयर से लेकर कई जरूरी काम अटके हुए हैं। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) को आदेश दिया था कि वो स्पष्ट गाइडलाइन तैयार कर कोर्ट में पेश करें। दरअसल पहले जारी नोटिफिकेशन में 180 दिन की चुनाव प्रक्रिया की बात कही गई थी, लेकिन इसके बाद 45 दिन का कार्यक्रम घोषित किया गया था।

**कौंसिल की ओर से पेश किया जवाब, 17 नवंबर को होगी अगली सुनवाई**



### सख्ती के बाद बीसीआई ने जारी किया शेड्यूल

इस पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार काउंसिल को निर्देश दिया था कि चुनाव की तारीख तय कर प्रस्तावित कार्यक्रम प्रस्तुत करें। इसके बाद कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि बीसीआई नियमों के तहत जल्द से जल्द चुनाव होने चाहिए। सख्ती के बाद बार कौंसिल आफ इंडिया ने हाईकोर्ट में इस बारे में शपथ पत्र पेश किया और कहा गया कि एक अगस्त से 14 अगस्त तक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया होगी तो 16 अगस्त से 23 अगस्त कर स्कूटनी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नाम वापसी 25 अगस्त से 31 अगस्त के बीच होगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची एक सितंबर को जारी होगी और मतदान 30 सितंबर को होगा।

### मतगणना 13 अक्टूबर से हाईकोर्ट परिसर में

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के लिए 30 सितंबर को चुनाव हुआ था। इसकी मतगणना लेकिन शुरू नहीं हुई है। अब निर्वाचन अधिकारी ने तिथि जारी कर दी है। चुनाव अधिकारी के अनुसार मतगणना 13 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। इसके लिए 6 अक्टूबर को आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। मतगणना हाईकोर्ट परिसर स्थित स्टेट बार काउंसिल कार्यालय में होगी। मतगणना कार्य की गंभीरता और जटिलता को देखते हुए विशेष टीम गठित की जा रही है। जारी अधिसूचना के मुताबिक 13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक मतगणना सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक होगी। 20 से 22 अक्टूबर तक दीपावली अवकाश रहेगी। 24 अक्टूबर से फिर से काउंटिंग होगी।

### छत्तीसगढ़ में साइबर साक्ष्य विशेषज्ञ नहीं प्रक्रिया पूरी करने केन्द्र ने समय मांगा

प्रदेश में साइबर एक्सपर्ट नियुक्ति के मामले में प्रक्रिया पूरी कर जानकारी देने के लिए केन्द्र सरकार ने सोमवार को हाईकोर्ट से समय मांग लिया। कोर्ट ने इसे स्वीकार किया और अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में साइबर अपराध के प्रकरणों के लिए अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के लिए विशेषज्ञ नहीं होने पर लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इसमें हाईकोर्ट ने पूछा है कि यह नियुक्ति कब तक होगी? ज्ञात हो कि शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। पहले हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति केंद्र सरकार के माध्यम से की जाती है। फिलहाल छत्तीसगढ़ में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि तीन चरणों को पूरा कर ही सायबर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है। पहले चरण में फॉरेंसिक लैब की स्थापना होगी। अन्य दो चरण पूरे होने बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इस प्रक्रिया में समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने केंद्र से कहा कि, समाज की भलाई के लिए आपने एक संस्था बनाई है, अगर उसके हेड की नियुक्ति में इतनी जटिलताएं होंगी तो फिर आगे क्या होगा। ज्ञात हो कि पिछली सुनवाई के दौरान राज्य शासन के साथ ही केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि राज्य के अनुरोध पर केंद्र सरकार की एक टीम ने साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और उन्होंने कुछ कमियां बताईं थी। टीम द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर दिया गया है और केंद्र से एक्सपर्ट की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है। वही तीन चरण की प्रक्रिया में से एक चरण को पूरा किया गया है। बचे हुए दो चरणों को पूरा करने के बाद नोटिफिकेशन जारी कर प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

## ईडी अधिकारियों पर कांग्रेस नेता ने लगाया मारपीट का आरोप हाईकोर्ट ने मेडिकल चेकअप कराने और आवेदन करने कहा

छत्तीसगढ़ में कृषि उपकरण सप्लाई केस में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप है। कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने ईडी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। कोर्ट में कहा गया है कि ईडी के डिप्टी डायरेक्टर नीरज सिंह ने थप्पड़ मारा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत अन्य लोगों के नाम लेने का दबाव बनाया।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की बेंच ने कहा कि जिस अधिकारी ने मारपीट की है, उसके खिलाफ रायपुर की ईडी कोर्ट के मजिस्ट्रेट के पास एक आवेदन दाखिल करें। साथ ही मेडिकल जांच के लिए भी एक आवेदन पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर की तरफ से पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा और गगन तिवारी ने पैरवी की। वहीं ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सौरभ पांडे ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान वकील ने बताया कि ईडी ने किसी भी तरह की थर्ड डिग्री टॉर्चर नहीं किया है।दरअसल ईडी की टीम ने 3 सितंबर को रायपुर में 3 कृषि उपकरण सप्लायर, दुर्ग में अन्ना एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड और चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य दीनोदिया अग्रवाल और गरियाबंद जिले के राजिम में उगम राज कोठारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसी केस के सिलसिले में हेमंत चंद्राकर से पूछताछ हो रही थी। हेमंत चंद्राकर की ओर से कहा गया है कि ईडी के अधिकारी ने मुझसे जबरन पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विजय भाटिया, रामगोपाल वर्मा, आशीष वर्मा, मंदीप चावला और उनके एजेंट आदित्य अग्रवाल, शास्वत जैन, किशोर चंद्राकर, सतपाल सिं छाबड़ा का नाम लेने को बोला गया। स्वीकार करने बोला कि यह 60 प्रतिशत कमीशन के जरिए काम कर रहे हैं। चंद्राकर ने यह भी कहा कि उनके और उनके परिवार के साथ जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायत में लिखा गया है कि अधिकारी अवैध तरीके से बयान लेने का प्रयास कर रहे हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया के खिलाफ है। पीड़ित ने सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

## मंत्री के दरबार में पहले ही दिन समस्याओं का अंबार

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक साल बाद मंत्रियों का दरबार फिर से प्रारंभ किया गया है। पहले दिन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। थोक में सौ से ज्यादा समस्याएं मंत्री के सामने रखी गईं।



सहयोग केंद्र के समाप्त होने के बाद टंकराम वर्मा ने कहा, ज्यादातर समस्याओं का निराकरण तत्काल कर दिया गया है। जो समस्याएं बची हैं, उनका निराकरण भी जल्द हो जाएगा। मंगलवार को स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद शुक्रवार तक लगातार मंत्रियों का दरबार लगेगा। इस दरबार में डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण करेंगे। ठाकरे परिसर में साल भर बाद प्रारंभ हुए सहयोग केंद्र में मंत्री के सामने समस्याएं रखने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। पहले सभी कार्यकर्ताओं का एक से दो बजे के बीच में पंजीयन किया गया। सौ से ज्यादा कार्यकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से दोपहरे दो बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक कार्यकर्ताओं की समस्याओं को एक-एक करके सुना। जो भी छोटी समस्याओं थी, उनका तत्काल निदान किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/स.) संभाग
## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, बैकुण्ठपुर

**बिजली बंद सूचना**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिपावली पूर्व लाईन एवं उपकेन्द्रों के आवश्यक सुधार कार्य/मरम्मत कार्य संपादित किये जाने हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में दर्शायी गयी तिथि एवं समय पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी :-

| क्र. | विद्युत आपूर्ति बंद रहने की तिथि | समय | फीडर/उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/10/2025 मंगलवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. चरचा फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बांधपारा | चरचा बांधपारा, रखिया, जमनिपारा, चरचा बांधपारा स्टेडियम, गांधी चौक, पंडोपारा, टिनादफाई मसजिद, पटेलपारा, सुभाषनगर, चेरवापारा एक संबंधीत क्षेत्र |
| 2 | 08/10/2025 बुधवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. कंचनपुर फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर | मझगांवा, मंडलपारा, कंचनपुर, मोदीपारा, बडगांव, जटासेमर, सराईगहना, कोट, परचा बस्ती एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 3 | 09/10/2025 गुरुवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. मेको फीडर 33/11 के. वी. उपकेन्द्र मनसुख | सलका, सलबा, सुरमी, रोबो, मेको, भंडारपारा, शंकरपुर, मझबंधा, सरईगहना बस्ती परचा, करिलधोवा, ढोडीबहरा, डाईट एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 4 | 10/10/2025 शुक्रवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. बसदेवपुर फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र मनसुख | बसदेवपुर, आमापारा, जटासेमर, चारपारा, झरनापारा, बरपारा, कदमपारा, एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 5 | 11/10/2025 शनिवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. शहर फीडर-दो 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर | स्कूलपारा, भट्ठीपारा पानी टंकी, खुटहनपारा इंटकवेल BSNL कचहरीपारा, सिविल लाईन, SECL रामपुर कॉलोनी भाडी, प्रेमाबाग, पुलिस लाईन. 100 बेड हास्पीटल, गढेलपारा, कोविड हास्पीटल कंचनपुर एवं संबंधित क्षेत्र |
| 6 | 12/10/2025 रविवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. कलेक्टेट फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर | हरोपारा, धौराटीकरा, सागरपुर, झुमका डम, झुमका कॉलोनी, ओडगी, संजय नगर, ओडगी नाका, डामरपारा, तलवापारा, कलेक्टेट ऑफीस, जिला न्यायालय, छिंड़ाड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं संबंधित क्षेत्र |
| 7 | 12/10/2025 रविवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 33 के.व्ही. बैकुण्ठपुर फीडर | बैकुण्ठपुर, महलपारा, गढेलपारा, छिन्दडाड, परियोजना कॉलोनी, रामपुर हर्रापारा भटटीपारा, कंचनपुर, पतरापाली, मण्डलपारा एवं बैकुण्ठपुर शहर के संबधित क्षेत्र |
| 8 | 13/10/2025 सोमवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. शहर फीडर-एक 33/11 के.वी उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर | परियोजना कॉलोनी, बाईसागरपारा, डबरीपारा, महलपारा, बाजारपारा, घड़ी चौक, मेन रोड नगर पालिका ऑफिस, एम.एल.ए. नगर, जुनापारा, केनापारा, नवोदय विद्यालय एवं संबंधित क्षेत्र |
| 9 | 14/10/2025 मंगलवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. टेगंनी फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र मनसुख | मनसुख, टेगनी, चिलका, पिपरीहा, बंजारीडांड, एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 10 | 14/10/2025 मंगलवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 33 के.वी. मनसुख फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र मनसुख | मनसुख, टेगनी, चिलका, पिपरीहा, बंजारीडांड, 33 के.वी. मनसुख से निकलने वाली सभी फिडर एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 11 | 15/10/2025 बुधवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. जगतपुर फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र मनसुख | जगतपुर, मनसुख, अमरपुर, सारा, गदबदी, पहाड़पारा, लोटान एवं संबंधीत क्षेत्र |
| 12 | 16/10/2025 गुरुवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 33 के.वी. बांधपारा फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बांधपारा | 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बांधपारा से निकलने वाली सभी फिडर |
| 13 | 17/10/2025 शुक्रवार | सुबह 9 :00 बजे से 4 :00PM बजे तक | 11 के.वी. नगर फीडर 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर | सरडी, खरवत, बिशुनपुर, नगर, फूलपुर, दुधनिया, रटगा, उंमझर एवं संबेधित क्षेत्र |

नोट :- आवश्यतानुसार बंद की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा कि लिए वितरण कंपनी को खेद है।

विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।
विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है।

कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग
छ.रा.वि.वित.क. मर्या. बैकुण्ठपुर

बिलासपुर
मंगलवार 7 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 25, अंक : 195
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 24.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# 20 साल पुराना एनजीओ घोटाला, सीबीआई का समाज कल्याण विभाग में छापा, दस्तावेज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## भोपाल से चार सदस्यीय टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची

■ माना स्थित कार्यालय में घोटाले से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लौटी टीम

समाज कल्याण विभाग में वर्ष 2004 में एनजीओ घोटाले की जांच करने सोमवार को भोपाल से सीबीआई की चार सदस्यीय टीम माना स्थित कार्यालय में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। दो घंटे चली छापे की कार्रवाई में सीबीआई ने समाज कल्याण विभाग से दो दशक पुराने घोटाले से संबंधित फाइल पड़ताल करने के बाद जब्त कर अपने साथ ले गई। छापे की कार्रवाई करने सीबीआई की टीम कार्यालयीन समय में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुंची। कार्यालय पहुंचने के बाद सीबीआई के अफसर फाइलों की जांच में जुट गए। बताया जा रहा है, सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची तब समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर विभाग के डायरेक्टर कार्यालय पहुंचे। सीबीआई की टीम द्वारा विभागीय अफसर से पूछताछ किए जाने की बात सामने आई है। सीबीआई की टीम समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में दूसरी बार छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

### एक हजार करोड़ घोटाला का आरोप

आरोप है कि राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अफसरों ने फर्जी एनजीओ बनाकर समाज कल्याण विभाग में एक हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया है। अफसरों ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए बनाए गए स्टेट रिसोर्स इंस्टिट्यूट (राज्य स्रोत निशक्तजन संस्थान) जैसे फर्जी एनजीओ बनाकर सरकारी फंड का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया।




### इन अधिकारियों पर घोटाले का आरोप

वर्ष 2004 में हुए एनजीओ घोटाले में पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांढ, आईएएस एमके राउत, डा.आलोक शुक्ला, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल सहित 11 वरिष्ठ आईएएस और राज्य सेवा से जुड़े सतीश पांडेय, पीपी श्रोती के साथ राजेश तिवारी, अशोक तिवारी, हरमन खलखो, एमएल पांडेय और पंकज ▶▶|शेष पेज 6 पर

फैक्ट फाइल

### घोटाले की टाइमलाइन

- 16 नवंबर 2004 कागजों पर दिव्यांगों के लिए एसआरसी, पीआरआरसी नाम से 2 संस्थाएं बनाकर 2020 तक घोटाला किया।
- 2004 में एनजीओ का संचालन सरकारी विभाग जैसा किया गया और 2020 तक कर्मचारियों की 2 जगहों से वेतन निकाला गया।
- 2008 से 2012 तक कुंदन ठाकुर नौकरी कर रहे थे। कुंदन को अपने दो जगह नौकरी करने की 4 साल बाद जानकारी मिली। इसके बाद कुंदन ने आरटीआई के जरिए जानकारी निकाली। इसी तरह से रायपुर में 14, बिलासपुर में 16 अन्य कर्मचारी भी 2 जगह से वेतन निकाले जाने की जानकारा सामने आई।
- 28 सितंबर 2018 को मुख्य सचिव अजय सिंह ने एनजीओ के नियमित बैठक और ऑडिट करने के निर्देश दिए।
- 30 जनवरी 2020 हाईकोर्ट ने कुंदन की याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) में तब्दील किया और सीबीआई जांच के आदेश दिए।
- 25 सितंबर 2025 को बिलासपुर हाईकोर्ट ने दोबारा सीबीआई जांच के आदेश दिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अभिनेता रजनीकांत ने बदरीनाथ के किए दर्शन



**गोपेश्वर।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने सोमवार को उत्तराखंड में भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए। रजनीकांत सोमवार सुबह चमोली जिले स्थित बदरीनाथ धाम पहुंचे और भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर उनकी पूजा की। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ पहुंचने पर रजनीकांत का स्वागत किया। उन्होंने रजनीकांत को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भी भेंट किया। तमिल फिल्मों के दिग्गज कलाकार रजनीकांत अक्सर उत्तराखंड के तीर्थस्थलों में दर्शन के लिए आते रहते हैं।

### बाइक-एसयूवी की टक्कर में तीन की मौत

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक मोटरसाइकिल और एक एसयूवी के बीच टक्कर के कारण तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में अंजनदोह निवासी हनुमंत केरू फलफले (35) और कंचन केरू फलफले (30) तथा इंदापुर तालुका के सराफवाड़ी निवासी स्वाति शरद काशिद (25) हैं। यह दुर्घटना शनिवार शाम को करमाला तालुका के वीट इलाके में भुजबल वस्ती के पास हुई।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट से दो की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में विसर्जन के लिए देवी दुर्गा की मूर्ति ले जा रहे एक ट्रक के हाई-टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना रविवार देर रात गौरा बाजार इलाके में हुई जब मूर्ति ले जा रहे ट्रक का एक पाइप बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे करंट फैल गया। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 10 से 15 लोग करंट लगने से घायल हो गए।



### संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधिमंडल भेजेगा भारत

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद पी पी चौधरी और डी. पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में सांसदों के दो बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चौधरी की अध्यक्षता वाला पहला समूह आठ अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच न्यूयॉर्क में होगा जबकि दूसरा समूह 27 अक्टूबर से वहां मौजूद रहेगा। ये गैर-आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल हैं क्योंकि वे भारतीय लोकतंत्र और विभिन्न मुद्दों पर देश के एकजुट रुख का प्रतिनिधित्व करते हैं।



## जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह अस्पताल में बड़ा हादसा

# एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग, आठ मरीजों की चली गई जान

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) में लापरवाही की हद हो गई। रविवार की देर रात को ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में आग लग गई। कुछ ही मिनट में आग ने भीषण रूप ले लिया। आग के कारण ट्रॉमा सेंटर के कई वार्डों में धुंआ ही धुआं भर गया। मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आठ मरीजों की मौत हो गई जबकि पांच मरीज गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

■ रात 11 बजे धुआं निकलना शुरू हुआ

जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से, गंभीर रूप से बीमार कम से कम आठ मरीजों की मौत हो गई। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 13 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा, आठ की मौत हो गई और पांच का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने का संभावित कारण 'शॉर्ट सर्किट' माना जा रहा है।

हादसे में आठ लोगों के मरने की खबर है, लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मिणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है। डॉ. धाकड़ ने बताया कि आईसीयू में 11 मरीज भर्ती थे जिनमें से छह की मौत हो गई।

### मरीजों को बेड सहित लेकर भागे तीमारदार



#### धुआं के बाद अफरा-तफरी

आग लगने से इमारत में अफरा-तफरी मच गई, धुआं तेजी से पूरी मंजिल पर फैल गया और मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। आग में कई दस्तावेज, आईसीयू उपकरण व अन्य सामान जलकर खाक हो गए। अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों के तीमारदारों ने मरीजों को बाहर निकाला।





#### आग बुझाने के पर्याप्त साधन नहीं थे

अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग पर काबू पाने के पर्याप्त संसाधन ही नहीं थे। अगर फायर फायटिंग सिस्टम आईसीयू के पास पर्याप्त संख्या में होते तो आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता था। जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर की न्यूरो आईसीयू में रविवार देर रात हुए इस हादसे में अब तक 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 3 महिलाएं शामिल हैं।

परिजनों का छलका दर्द

#### स्टाफ ने नहीं की कोई मदद

इस अग्निकांड में भरतपुर निवासी श्रीनाथ की मौत हो गई। श्रीनाथ के परिजनों का कहना है कि आग लगने के बाद एसएमएस अस्पताल के स्टाफ ने उनकी कोई मदद नहीं की। रात्रि के समय आईसीयू में मरीज के पास किसी को ठहरने भी नहीं दिया जाता। स्टाफ ने कोई मदद नहीं की।

#### पाइप पिघलने लगा लेकिन 20 मिनट तक कोई एक्शन नहीं

भरतपुर निवासी मरीज के परिजन शेरू का कहना है कि उन्होंने सूचना दे दी थी लेकिन उसके 20 मिनट बाद तक किसी ने एक्शन नहीं लिया। जब प्लास्टिक की पाइप पिघल कर गिरने लगी। तब वार्ड में मौजूद स्टाफ बचाव के उपाय करने के बजाय भागने लगे।

#### मोदी-शाह ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

#### सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल

जयपुर की टोंक रोड पर स्थित एसएमएस अस्पताल राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है जहां राज्य भर के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अन्य जिलों से भी एसएमएस अस्पताल रेफर किया जाता है।

## चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग के दौरान आठ कर्मचारी घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोमनहिल/कोरिया कॉलरी

एमसीबी जिले के एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की एक ओपनकास्ट कोयला खदान में सोमवार को हुई ओवी ओवरबर्डन ब्लास्टिंग के दौरान समय से पहले धमाका हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में करीब 8 कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिरमिरी ओपनकास्ट खदान में ऊपरी मिट्टी हटाने के लिए नियमित रूप से ओवी ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही थी। ब्लास्टिंग का समय तय था, लेकिन उससे कुछ मिनट पहले ही अचानक धमाका ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### जांच के आदेश अधिकारी मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रम संगठन पदाधिकारी, चिरमिरी क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महापौर रामनरेश राय, श्रम संगठन के पदाधिकारी बजरंगी शाही, कमलेश सिंह, अब्दुल सलीम, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल ले रहे हैं।

#### कोई हताहत नहीं

एसईसीएल चिरमिरी ओपनकास्ट में संभावित तकनीकी गड़बड़ी से समय से पहले हुई ब्लास्टिंग में एसईसीएल कर्मचारी बाल बाल बचे हैं। कोई हताहत नहीं है। मामूली इलाज के बाद अस्पताल से टीम को वापस भेजा जा रहा है।

-डॉ. सनीश चंद, पीआरओ, एसईसीएल

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट

# साय ने दिया राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ आगमन हेतु सादर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की।

### मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



मुख्यमंत्री भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के रजत जयंती वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर 5 नवम्बर को नया रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के समापन समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने स्नेहपूर्वक छत्तीसगढ़ आगमन की सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का विषय है कि देश के उपराष्ट्रपति अपनी गरिमामयी उपस्थिति से राज्योत्सव के समापन समारोह को अविस्मरणीय बनाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## चार शहरों से अयोध्या के लिए डायरेक्ट फ्लाइट

■ 8 अक्टूबर से नई उड़ान

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने दिवाली के खास मौके पर अयोध्या के लिए स्पेशल फ्लाइट्स शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने अयोध्या को दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद और हैदराबाद से जोड़ने वाली रोजाना स्पेशल दिवाली फ्लाइट्स शुरू करने का ऐलान किया है, जो 8 अक्टूबर 2025 से शुरू होने जा रही हैं। ये नई फ्लाइट्स फेज़ वाइज़ शुरू होंगी और श्रद्धालुओं व टूरिस्ट्स को अयोध्या तक पहुंचने का मौका देंगी, जिससे वे दिवाली के मौके पर श्रीराम मंदिर के दर्शन कर सकें। मुंबई से भी फ्लाइट्स शुरू करने पर विचार चल रहा है ताकि फेस्टिव और विंटर सीजन में कनेक्टिविटी और बेहतर हो सके। इन नए रूट्स के साथ, स्पाइसजेट अपना डोमेस्टिक नेटवर्क और मजबूत कर रहा है। त्योहारों के दौरान ट्रैवल को आसान, बजट-फ्रेंडली और सबके लिए एक्सेसिबल बनाने की कोशिश कर रहा है।

## कफ सिरप से छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत पर राज्य सरकार गंभीर, जारी हुआ निर्देश

# दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खांसी के सिरप बैन, छत्तीसगढ़ में लिए गए सेंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अपने आप ठीक होता है बच्चों का खांसी-जुकाम

जहरीले कफ-सिरप से छिंदवाड़ा और राजस्थान में बच्चों की मौत पर गंभीर छत्तीसगढ़ सरकार ने दो साल से कम आयु वाले बच्चों के लिए खांसी के सिरप पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा औषधि विभाग की टीम छत्तीसगढ़ की दवा दुकानों और फैक्ट्रियों से कफ सिरप के सैंपल लेकर जांच कर रही है। ▶▶|शेष पेज 6 पर




#### जानलेवा सिरप की सरकारी आपूर्ति नहीं

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि जिन दो कंपनियों के विरुद्ध अन्य राज्यों में कार्रवाई की गई है, उनकी राज्य में किसी भी प्रकार की सरकारी आपूर्ति नहीं रही है। ये कंपनियाँ ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### नशे के लिए होता है उपयोग


खांसी कम करने के लिए उपयोग की जाने सिरप का उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है। पुलिस द्वारा कई बार कोडिन सिरप की बिक्री नशेड़ियों को करने वाले बदमाशों को पकड़ा है। आम तौर पर यह दवा बिना चिकित्सकीय पर्ची के बेचना प्रतिबंधित है मगर गिरोह बनाकर बदमाश की तस्करी करते हैं।

'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' : तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

# इम्यून सेल के हमले रोकने वाली टी-कोशिकाएं खोजीं, मिला नोबेल

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई। 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' या परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता एक ऐसा तरीका है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को अनियंत्रित होने और बाहरी आक्रमणकारियों के बजाय अपने ही ऊतकों पर हमला करने से रोकने में मदद मिलती है। यह वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कारों की पहली घोषणा है और स्टॉकहोम के कारोलिंस्का संस्थान में एक समिति ने नाम घोषित किए। पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी ▶▶|शेष पेज 6 पर




#### 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह

पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जो इन पुरस्कारों की स्थापना करने वाले अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। पुरस्कार के तौर पर 10.3 करोड़ रुपए, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट इनाम के तौर पर दिया जाएगा। नोबेल एक संपन्न स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे। उनका निधन 1896 में हुआ था।

ऐसी खोज

#### कैंसर-ऑटोइम्यून रोगों के इलाज में मददगार

ब्रंकॉ, राम्सडेल और साकागुची ने इम्यून सिस्टम के 'सुरक्षा गार्ड' यानी रेगुलेटरी टी-सेल्स की पहचान की, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि इम्यून सेल हमारे अपने शरीर पर हमला न करें। इसके आधार पर कैंसर और ऑटोइम्यून रोगों के इलाज खोजे जा रहे हैं। इसके अलावा इन खोजों की मदद से ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन (अंग प्रत्यारोपण) में भी मदद मिल रही है। इसके अलावा कई इलाज अब क्लिनिकल ट्रायल के दौर से गुजर रहे हैं।



## चिंतन

# लोकतंत्र के स्तंभ न्याय पालिका की गरिमा पर आंच न आने पाए

अदालतें न्याय का मंदिर हैं, इस कथन का अर्थ यह है कि न्यायपालिका को सर्वोच्च और आदरणीय माना जाता है। जहां आम नागरिक न्याय की उम्मीद से जाते हैं। जहां हर फरयादी की पुकार सुनी जाती है। अदालतें आम नागरिकों के लिए न्याय का अंतिम ठिकाना भी हैं। यही कारण है कि न्याय पालिका को लोकतंत्र का स्तंभ कहा गया है। आजादी के बाद से अनेक ऐसे मौके आए, जब हमारी अदालतों ने न केवल कार्य पालिका को सही रास्ता दिखाया बल्कि आम आदमी के मन में लोकतंत्र के प्रति विश्वास को मजबूत किया। ऐसे में किसी भी अदालत का अपमान करना न केवल मंदिर का अपमान है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों को भी कमजोर करने जैसा है। अगर कोई अधिवक्ता ही ऐसा करे तो इस दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। सोमवार को एक वकील ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों में से एक वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। वो खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर दिए गए फैसले से नाराज था। किसी भी नाराजगी का मतलब यह तो नहीं हो जाता कि न्याय पालिका का ही अपमान कर दिया जाए। न्यायालय की प्रतिष्ठा इस देश के लोगों के विश्वास पर आधारित है। यदि उस विश्वास को कभी कम किया जाता है, तो इस न्यायालय की प्रतिष्ठा को अनिवार्य रूप से ठेस पहुंचेगी। यहां तो बात सीधे-सीधे न्याय की कुर्सी पर बैठे न्यायाधीश के अपमान की हो रही है। यह बात सही है कि बीते लंबे समय से अदालतों के दरवाजे कुछ संकरे हुए हैं। अदालतों पर केसों का बोझ लगातार बढ़ा है। देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 5.34 करोड़ से भी ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। इन मामलों में एक बड़ा हिस्सा जिला और निचली अदालतों में है। जिला और निचली अदालतों में 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। हाई कोर्ट में भी 63.8 लाख मामले अटके हुए हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत, सुप्रीम कोर्ट में 88,251 मामले लंबित हैं। इसका कारण न्यायिक और तकनीकी विशेषज्ञों की कमी, न्यायाधीशों पर अत्यधिक काम का दबाव, स्थगन आदेशों के दुरुपयोग तो हैं ही, साथ में सुनवाई के दौरान वकीलों का उपलब्ध न होना भी जिम्मेदार है। 62 लाख से ज्यादा मामलों में वकील मौजूद नहीं हो पा रहे। इससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही। लगभग 27 लाख मामलों में गवाह गायब हैं। 23 लाख से ज्यादा मामलों पर अदालतों ने रोक लगा रखी है। 14 लाख से ज्यादा मामलों में 'दस्तावेजों का इंतजार' होता है। जरूरी कागजात न मिलने से भी देरी होती है और लगभग 8 लाख मामलों में 'पार्टियों का दिलचस्पी न लेना' शामिल है। जब पक्षकार ही रुचि नहीं दिखाते तो मामला कैसे सुलझेगा? यहां बात लंबित केसों की नहीं है बल्कि अदालत के सम्मान की है। अगर वकील ही अदालत की गरिमा का सम्मान नहीं करेंगे तो आम आदमी से कैसे उम्मीद की जा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बार एसोसिएशन और कानून आरोपी वकील के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे ताकि दोबारा ऐसा घटना न हो।

# जीवनरक्षक दवा बनी मौत का कारण



**लापरवाही**
रोहित माहेश्वरी

> कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'कोल्ड्रिफ' को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है।

जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा। आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं, यह यक्ष प्रश्न है, जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिए दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' की फैक्ट्री में बना था।

तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए 'कोल्ड्रिफ' सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। राजस्थान के भरतपुर और सीकर जिलों में जिन दो बच्चों की मौत हुई, जांच में सामने आया कि उन्हें घर पर ही कफ सिरप दिया गया था, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दवा दुकानदारों से यह सिरप मिला था। यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। सकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में




प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिए पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जन स्वास्थ्य के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार स्थिति है। यह मामला दवा निर्माण प्रक्रिया में निगरानी और परीक्षण प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करता है। देश में हर दवा बैच की जांच का नियम तो है, लेकिन कई छोटी और मध्यम फार्मा इकाइयां इसे नजरअंदाज करती है। जो सिरप तमिलनाडु की यूनिट से निकला, उसमें डीईजी का ऊंचा स्तर संकेत है कि या तो कच्चे माल की जांच नहीं हुई, या फैक्ट्री में मिलावट को नजरअंदाज किया गया। पिछले साल देशभर में 100 से ज्यादा सिरप गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले थे। सिरप में ग्लिसरीन मिलाई जाती है, जिससे दवा गाढ़ी और मीठी बनती है। ग्लिसरीन वैसे तो सुरक्षित होती है, लेकिन जब ग्लिसरीन की जगह या गलती से या सस्ते विकल्प के रूप में डाई एथिलीन ग्लाइकॉल डीईजी या एथिलीन ग्लाइकॉल यानी ईजी जैसे केमिकल उसमें मिल जाते हैं तो समस्या होती है। ये केमिकल असल में औद्योगिक उपयोग के लिए बने होते हैं जैसे ब्रेक ऑयल, पेंट, और इंजन कूलेट। कई बार फैक्ट्रियों में टैंक, पाइपलाइन ठीक से साफ नहीं किए जाते। इससे 4 पुराने औद्योगिक रसायनों के अंश ग्लिसरीन में मिल जाते हैं। कभी-कभी सप्लायर सस्ती नकली ग्लिसरीन देते हैं। जब यही दूषित ग्लिसरीन सिरप में प्रयोग होती है, तो कफ सिरप जहरीला बन जाता है। बीते महीने में यूपी में आगरा से नकली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई थी। आगरा में नकली दवाओं के कारोबारियों के कनेक्शन देशभर में फैले हुए थे। हालिया मौतों के बाद बड़ा सवाल यही है कि डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, पुरानी घटनाओं के बाद भी देश में ऐसे मामले दोबारा कैसे आए, क्या फैक्ट्रियों में जांच कागजों तक सीमित है, क्या ड्रग कंट्रोल विभाग सही निरीक्षण कर रहे है? जवाब जांच रिपोर्ट में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल देश के लोगों में चिंता है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है।

हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिए यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी, जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शताब्दी गाथा

डॉ. सुशील टाया



# व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल उद्देश्य


आज हम सब गर्व और आनंद का अनुभव कर रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूरी कर ली है। इन सौ वर्षों में संघ ने केवल संगठन ही नहीं खड़ा किया, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की ज्योति भी प्रज्वलित की है। संघ का मूल उद्देश्य रहा है व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा, आत्मविश्वास, समरसता और संगठन की भावना जागृत की हैं। समाज के हर वर्ग में समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव स्थापित करना के साथ - साथ शिक्षा, ग्राम विकास, स्वदेशी, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा कार्यों के क्षेत्र में संघ ने निरंतर योगदान दिया है। आपदा और संकट की घड़ी में स्वयंसेवक बिना भेदभाव समाज की सेवा में अग्रणी रहे।संघ ने जहां भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित किया और वहीं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु 'स्वदेशी व स्वावलंबन' का संदेश भी दिया। 'हिंदू ही नहीं, संपूर्ण समाज मेरा अपना है' की भावना से समाज में बंधुत्व और आपसी सद्भाव की भावना बढ़ाई है। सौ वर्ष पूरे कर संघ नए उत्साह के साथ एकात्म मानववाद और अखण्ड भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। संघ ने अपने स्वयंसेवक के परिश्रम के बल पर विश्व भर में सबसे बड़ा संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है।

राष्ट्रनिष्ठा, संगठनशीलता, आत्मानुशासन, सेवा, समर्पण, त्याग, कर्तव्यपरायणता, स्वावलंबन, निष्ठा, सहयोग, लोककल्याण, चरित्र निर्माण, अनुशासन, परमार्थ, साधना, एकात्मता, स्वदेशभक्ति, संयम, परिश्रम, समरसता संघ के गुर मंत्र हैं, जिनके आधार पर समाज कल्याण के कार्य में बिना रुके, बिना थके स्वयंसेवक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के सपनों को साकार करने में लगे हैं। सबको जोड़ने वाले, सबको साथ लेकर चलने वाले, सबकी एक साथ उन्नति करने का मार्ग सर संघचालक मोहन भागवत ने विजयदशमी पर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ के कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करना और शताब्दी वर्ष में डाक टिकट व सिक्का जारी करना इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की आज़ादी के आंदोलन से लेकर आज़ तक राष्ट्र को सर्वोपरि माना है। सामाजिक, आर्थिक व प्राकृतिक आपदा सहित अन्य विकट परिस्थितियों में स्वयंसेवकों ने हमेशा तन,धन और मन से भारत माता के लिए कार्य किया है। राष्ट्र के लिए चिंतन व मनन करते हुए संघ ने पंच परिवर्तन का निर्णय लिया है। इसलिए व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज का प्रबोधन तथा उसके आचरण का परिवर्तन यह व्यवस्था परिवर्तन के लिए अत्यंत आवश्यक माना है। यह परिवर्तन एक दम से नहीं हो सकता, इसलिए आचरण में परिवर्तन करने के लिए शाखा में प्रतिदिन जाने पर बल दिया गया है। स्वयंसेवकों को समाज के लिए उदाहरण बनना पड़ेगा।

शताब्दी वर्ष में संघ ने प्रत्येक व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन लाने का निर्णय लिया ताकि समाज का मन, वचन व कर्म से ऐसा व्यवहार हो जाए कि वह अपने नैतिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर स्व का बोध और स्वदेशी चीज़ों का प्रयोग करना आरंभ कर दें। पंच परिवर्तनों में कुटुम्ब प्रबोधन में हर घर को संस्कारों का केंद्र बनाना। प्रत्येक सदस्य में कर्तव्य, नैतिकता और सेवा भाव की ज्वाला जलाना। संवाद और सहयोग से घर सशक्त बनता है। बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपरा का बोध कराया जाए। आदर्श आचरण और मर्यादा घर-घर में झलके। मातृभूमि और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव परिवार में गहरा हो। सेवा और सहकारिता की भावना हर कार्य में दिखाई दे। छोटे प्रयासों से परिवार आत्मनिर्भर और संस्कारित बने। ऐसे परिवार ही सशक्त समाज और महान राष्ट्र का आधार हैं। संघ ने यह सिद्ध किया है कि छोटे-छोटे परंतु सतत प्रयास भी राष्ट्र की शक्ति, एकता और गौरव को असाधारण ऊँचाई दे सकते हैं। संघ का दृष्टिकोण केवल विचार का नहीं, बल्कि व्यवहार का भी है, वह व्यक्ति में स्व का बोध जगाकर समाज को संगठित करता है और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है। यही पंच परिवर्तन का सार है, व्यक्ति से राष्ट्र तक, विचार से क्रिया तक, और स्वयं जागृति से समाज सेवा तक का सतत प्रवाह। सौ वर्षों की इस साधना ने यह प्रमाणित किया है कि संकल्प, साधना, अनुशासन और सेवा से ही राष्ट्रीय जीवन समृद्ध और उन्नत बनता है। संघ का यह कार्यकाल भारतीय संस्कृति, एकता और राष्ट्रभाव का जीवंत प्रतीक बन गया है, जो आने वाले शताब्दियों तक भारत को दिशा और प्रेरणा देता रहेगा।

(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें




संकलित

**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में सुधार हो

राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है। आज भी देश में डॉक्टर को नेक्सट टू गॉड की उपमा दी जाती है। देश में हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है। विदेशो से भी दवाईया आयात की जा रही है। आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है। देश के दवा कम्पनियों की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए। दवा की गुणवत्ता, दवा की मिलावट, दवा आपूर्ति में लापरवाही और विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### टीएमसी का जंगलराज

बंगाल में एक बार फिर उजागर हुआ टीएमसी का जंगलराज ! बाढ़ राहत कार्य में जुटे भाजपा सांसद व आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर टीएमसी गुंडों द्वारा जानलेवा हमला अतिनिंदनीय है। आज बंगाल का शासन निष्ठुर हो गया है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### मियाजी ताकुमा से चर्चा

जापान के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भागीदार देश बनने का आमंत्रण दिया।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पैरा एथलीटों को बधाई

नई दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे पैरा एथलीटों को हार्दिक बधाई, जिन्होंने पदक जीतकर देश का मनोबल बढ़ाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आपका धैर्य, समर्पण और उत्कृष्टता हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।

**- भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात**

### हमले का प्रयास शर्मनाक


आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# अमेरिकी सील ने लादेन के सिर में गोली मारी थी: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे।



ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, 'आपको ओसामा बिन लादेन पर नज़र रखनी होगी।' मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी।'

## ऑफ बीट

# क्या बच्चों को विटामिन वाले पूरक आहार देने की जरूरत है

यह सत्य है कि बच्चों को स्वस्थ विकास के लिए विटामिन ए, बी, सी, डी, ई और के के साथ-साथ फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, आयरन और



जिंक जैसे विटामिन और खनिजों की एक विस्तृत शृंखला की आवश्यकता होती है। ये पोषक तत्व मस्तिष्क और तंत्रिका तंतुओं के विकास, दृष्टि, हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिज्म यानी चयापचय और स्वस्थ वजन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, अधिकतर स्वस्थ बच्चों के लिए, ये पोषक तत्व खाद्य पदार्थों से मिल सकते हैं – न कि सप्लीमेंट्स से। यह भी सही है कि चुनिंदा तरीके से खाने की आदतों वाले बच्चे भी सामान्यतः रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों से पर्याप्त पोषण प्राप्त कर लेते हैं, जिनमें से कई में पोषक तत्वों को अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाता है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे नाश्ते के अनाज, दूध और रोटी में अक्सर विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और आयोडीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। सप्लीमेंट्स के बारे में विज्ञान क्या कहता है। हालांकि कई बच्चों के सप्लीमेंट्स प्रतिरक्षा, वृद्धि या समग्र विकास का दावा करते हैं, लेकिन इस बात का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करते हैं या स्वस्थ बच्चों में बीमारियों को रोकते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## दार्जिलिंग में तीस्ता नदी पर बने दुधिया लोहे का पुल ढहा

## पर्यटक स्थल और टॉय ट्रेन सेवा बंद

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल व अन्य पहाड़ी राज्यों सहित नेपाल में बाढ़-बारिश, भूस्खलन ने जमकर तबाही मचाई है। बंगाल में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं नेपाल में अब तक 53 लोग जान गंवा चुके हैं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों और सिक्किम में बहुत नुकसान हुआ है। तिस्ता नदी पर बना पुल भी टूट गया है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन ने दार्जिलिंग के टाइगर हिल और रॉक गार्डन सहित सभी पर्यटन स्थलों को बंद करने का फैसला किया है। इसके साथ ही टॉय ट्रेन सेवाएं भी स्थगित कर दी गई हैं।

# उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, कटा संपर्क





### नेपाल में भी हाहाकार

पड़ोसी देश नेपाल में 3 अक्टूबर से रविवार तक लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के 24 हाइवे पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। नेपाल में सोमवार और मंगलवार को देशभर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। काठमांडू पोस्ट समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम विभाग के अधिकारियों ने एक दर्जन से अधिक जिलों को रेड अलर्ट पर रखा है। बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों में नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और नेपाल पुलिस बल की बचाव टीमें काम कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### नीतीश ने किया पटना मेट्रो का उद्घाटन

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में लंबे इंतजार के बाद मेट्रो रेल सेवा की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार सुबह 11 बजे पाटलिपुत्र बस डिपो (आईएसबीटी) से पटना मेट्रो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और विधानसभा स्पीकर भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद सीएम ने मेट्रो ट्रेन से भूतनाथ स्टेशन तक सफर भी किया। हालांकि, जनता के लिए पटना मेट्रो की सेवाएं 7 अक्टूबर से शुरू होंगी। पटना में मेट्रो के उद्घाटन के साथ ही पटना देश का 24वां मेट्रो शहर बन गया है।

### फ्रांस : नए पीएम लेकोर्नू का अप्रत्याशित इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार को



पीएम पद से इस्तीफा दे दिया। सेबेस्टियन लेकोर्नु का बतौर प्रधानमंत्री कार्यकाल एक महीने से भी कम समय का रहा। इसके साथ ही साल 1958 के बाद सेबेस्टियन लेकोर्नु फ्रांस के सबसे कम समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। फ्रांस के प्रधानमंत्री का नियुक्ति के कुछ हफ्ते बाद ही इस्तीफा देना, फ्रांस की राजनीति में गहरे संकट का संकेत दे रहा है। लेकोर्नु को 9 सितंबर को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया गया था।

### लारेंस गैंग के खिलाफ 5वां आरोपपत्र दाखिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के बीच आतंकी गठजोड़ मामले में 22वें आरोपी राहुल सरकार के खिलाफ 5वां आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच एजेंसी ने बताया कि राहुल सरकार ने इस गिरोह के सदस्यों के लिए फर्जी पहचान पत्र और पासपोर्ट तैयार करवाए थे। इतना ही नहीं सह-आरोपी सचिन बिश्नोई समेत कई गैंगस्टरों को विदेश भागने में मदद भी की थी।

## बिहार विधानसभा चुनाव

### जातिवादी राजनीति से हटके, दीगर मुद्दे भी निभा सकते हैं की-रोल

# एसआईआर, कानून व्यवस्था जैसे कई मुद्दे रहेंगे इस बार असरदार

*बिहार में विधानसभा चुनाव का ऐलान ( 6 व 11 नवंबर) हो चुका है। इस बार का चुनाव ऐतिहासिक और अप्रत्याशित है। जातियों से ऊपर उठकर इस बार बिहार चुनाव में कई दूसरे मुद्दे जोर पकड़ते हुए दिख रहे हैं। बात चाहे एनडीए की हो या महागठबंधन की, सभी ने अपने मुद्दे तय कर लिए हैं और उसी के आधार पर चुनावी प्रचार किया जा रहा है। आइए जानते हैं, आखिर इस राज्य के मुद्दे क्या हैं और पार्टियाँ किन मुद्दों पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही हैं।*

### सोमवार को हो चुका है राज्य में विधानसभा चुनाव का ऐलान



#### मुद्दा नंबर 1: एसआईआर

बिहार चुनाव में एसआईआर का मुद्दा पूरी तरह गर्मा चुका है। चुनाव आयोग ने तो पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, फर्जी वोटरों को पहचानने के लिए इस प्रक्रिया को शुरू किया था, लेकिन शुरुआत से ही विवाद बना रहा। महागठबंधन ने इसे अपना सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बना लिया है। बात चाहे राजद की हो या फिर कांग्रेस की, वोट चोरी से लेकर गरीबों का वोट काटने तक, चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।

#### मुद्दा नंबर 2: घुसपैठिए

बिहार चुनाव में एक बड़ा मुद्दा घुसपैठियों का है। बीजेपी ने ही इस मुद्दे को चुनावी मौसम में हवा दी है। यदि महागठबंधन एसआईआर पर निशाना साधकर एक वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रहा है, तो बीजेपी भी अवैध बांग्लादेशी और म्यांमार से आए लोगों को घुसपैठिया बता कर बिहार की सुरक्षा का मुद्दा उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक ने अपनी हर पब्लिक रैली में इस मुद्दे को छुआ है।

#### मुद्दा नंबर 3: कानून व्यवस्था

बिहार के हर चुनाव में कानून व्यवस्था एक बड़ा और गंभीर मुद्दा रहता है। इस चुनाव में भी महागठबंधन ने नीतीश कुमार की सुशासन बाबू वाली छवि को कमजोर करने के लिए कानून व्यवस्था के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। महागठबंधन का कहना है कि नीतीश राज में अब हत्याएं हो रही हैं, अपहरण हो रहे हैं और महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। दूसरी तरफ, एनडीए ने भी कानून व्यवस्था को ही अपना मुद्दा बनाया है, फर्क सिर्फ इतना है कि बीजेपी और जेडीयू लालू राज के 'जंगल राज' का जिक्र कर जनता को यह समझाने की कोशिश कर रही है कि वर्तमान में राज्य की कानून व्यवस्था काफी मजबूत और बेहतर है।

#### मुद्दा नंबर 4: बेरोजगारी

बिहार चुनाव में इस बार महागठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठा रहा है। राज्य में बड़े स्तर पर पलायन हो रहा है, ऐसे में महागठबंधन ने 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया है। वहीं दूसरी तरफ, एनडीए कौशल विकास को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। बीजेपी की रणनीति यह है कि कौशल के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि राज्य में पलायन कम हो सके।

#### मुद्दा नंबर 5: महिलाएं

बिहार की आधी आबादी पर एक बार फिर एनडीए और महागठबंधन का फोकस है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो चुनावी तारीखों से पहले ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की किस्तें जारी कर दी हैं। जानकार मानते हैं कि एंटी इनकंबेंसी के बीच में यही योजना गेम चेंजर साबित हो सकती है। महागठबंधन की बात करें तो वह भी महिला आरक्षण और कानून व्यवस्था को मुद्दा बना कर महिलाओं को अपने पक्ष में करना चाहती है।

#### यह है नीतीश तेजस्वी की चुनौती





बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नेताओं का काफी कुछ दांव पर लगा है। नीतीश कुमार के सामने चुनौती है एंटी-इंकंबेंसी को मात देकर अपने नेतृत्व को साबित करना, जबकि बीजेपी को अधिक सीटें जीतकर विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों का सामना करना है। तेजस्वी यादव के लिए चुनौती है 'जंगलराज' के निशाने पर आए अपने शासन का जवाब देना, वहीं प्रशांत किशोर के लिए यह पहला पूर्ण विधानसभा चुनाव है और उन्हें फुल इलेक्शन में अपने रणनीतिक कौशल को साबित करना है।

### केंद्र के दावे को पत्नी ने बताया गलत

# वांगचुक मामले में केंद्र लद्दाख प्रशासन, राजस्थान सरकार को सुप्रीम नोटिस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि जे. अंगमो द्वारा दायर हेबियस कॉर्पस याचिका पर केंद्र सरकार, लद्दाख प्रशासन और राजस्थान सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने वांगचुक की हिरासत के ग्राउंड्स की कॉपी उनकी पत्नी को न दिए जाने पर भी सवाल उठाए। अब इस मामले में मंगलवार को फिर से सुनवाई होगी। लद्दाख हिंसा के बाद हिरासत में लिए गए वांगचुक की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, जब तक हमें वांगचुक को हिरासत में लिए जाने की कॉपी नहीं मिलती, तब तक हम बहस नहीं कर सकते।

#### 'हमें कोई कॉपी नहीं दी गई'

सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने नोटिस स्वीकार करते हुए कहा, 'हिरासत में लिए जाने का आधारों की कॉपी हिरासत में लिए गए व्यक्ति को दी जा चुकी है और उनके भाई से इंटरकॉम पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि पत्नी को मिलने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन हाइप न बनाया जाए।' इस पर सिब्बल ने एसजी के दावे का खंडन करते हुए कहा, 'हमें कोई कॉपी नहीं दी गई है। उनके भाई डिटेंशन सेंटर में उनसे मिले थे, लेकिन इंटरकॉम पर बात की। पारिवारिक सदस्यों को डिटेंशन के ग्राउंड्स की कॉपी दी जानी चाहिए, ताकि हम बोर्ड के सामने प्रतिनिधित्व पेश कर सकें।

**पत्नी को कॉपी देने में क्या परेशानी?** : कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि पत्नी को आधारों की कॉपी क्यों नहीं दी जा रही। इस पर सॉलिसिटर ने कहा कि कानून में डिटेन्यू को सेवा देना जरूरी है और वह किया गया है। हम उन्हें चुनौती देने के लिए नए आधार नहीं देना चाहते कि परिवार को सेवा नहीं दी गई थी।

#### जोधपुर जेल में बंद हैं वांगचुक

वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था। इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं।

*बंगाल के बाढ़ प्रभावित इलाके की घटना*

# भाजपा सांसद और विधायक पर भीड़ का हमला, गाड़ियां भी तोड़ीं

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

उत्तर बंगाल के नागराकाटा में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए पहुंचे बीजेपी विधायक शंकर घोष और सांसद खगेन मुर्मू पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह जख्मी बीजेपी नेताओं को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, बीजेपी नेताओं ने इस हमले को सत्तारूढ़ टीएमसी की साजिश बताया है। जानकारी के अनुसार, भीड़ द्वारा किए हमले में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर हमला कर दिया। इसके बाद सांसद और विधायक वहां से निकलने लगते तो भीड़ ने उनकी गाड़ी पर पथराव कर दिया है, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों द्वारा फेंके गए पत्थरों की चपेट में आने से सांसद खगेन मुर्मू के सिर में गंभीर चोटें आईं और शंकर घोष मुंह पर चोटें आई हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव पैदा हो गया है।





#### आरोप-प्रत्यारोप सत्ता-विपक्ष में तेज

इस घटना के बाद सत्ता और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। बीजेपी ने हमले का आरोप तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर लगाया है, जबकि स्थानीय लोग आपदा के बाद हुई देरी या राहत की कमी से नाराज बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि बीते दिनों भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित उत्तर बंगाल में कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद से नागराकाटा समेत कई इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान कई बार तनावपूर्ण स्थिति नजर आई।

*वीएचपी ने किया 12 घंटे का बंद, 8 लोग गिरफ्तार*

# कटक में सांप्रदायिक हिंसा, इंटरनेट बंद, 13 थानों में निषेधाज्ञा जारी

एजेंसी ▶▶| कटक

ओडिशा के कटक शहर में धार्मिक जुलूस को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसा में तब्दील हो गया, जिसके बाद से तनाव जारी है। रविवार को हुई हिंसा के बाद सोमवार को शहर में 12 घंटे का बंद का जारी है। इस दौरान चारों ओर सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा लगा हुआ है। इस बीच पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन पुलिस अधिकारी हालात पर नजर रखे हुए हैं। पुलिस आयुक्त एस देव दत्ता सिंह ने बताया कि रविवार को विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा



पुलिस पर किए गए हमले के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन तनाव अभी भी महसूस किया जा सकता है, क्योंकि कई इलाकों में पुलिस बलों की गश्त जारी है। इस हिंसा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अमरेंद पांडा और डीसीपी ऋषिकेश ज्ञानदेव समेत कुल 25 लोग घायल हुए हैं।

#### ऐसे भड़की हिंसा

इस हिंसा की शुरुआत शनिवार तड़के दरगाहबाजार इलाके में हुई, जब हाथी पोखरी के पास धार्मिक विसर्जन जुलूस गुजर रहा था। स्थानीय लोगों ने जुलूस में बज रहे तेज संगीत पर आपत्ति जताई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी और बोतल फेंकने की घटनाएं हुईं. इस दौरान डीसीपी ज्ञानदेव समेत कई लोग घायल हो गए। इसके बाद माहौल और बिगड़ गया। रविवार को विहिप कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर जुलूस की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 12 घंटे के बंद का आह्वान किया।

## भारतीय नौसेना में शामिल हुआ पनडुब्बीरोधी पोत

# समुद्र की गहराइयों में दुश्मनों का सफाया करेगा आंद्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना में दूसरा पनडुब्बी रोधी पोत अंद्रोत को सोमवार को विशाखापट्टनम में आयोजित समारोह में शामिल कर लिया गया। यहां नौसैनिक डॉकयार्ड में एक समारोह में इसकी कमीशनिंग की गई। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर ने की। अंद्रोत जैसे ही 8 पनडुब्बी रोधी पोत नौसेना में शामिल किए जाने हैं। इस पोत का नामकरण लक्षद्वीप द्वीपसमूह के एंड्रोथ द्वीप से लिया गया है, जिसकी एक रणनीतिक महत्ता है। इस नाम से पूर्व में भी एक जहाज (P69) नौसेना में 27 साल तक सेवा दे चुका है। इस नाम को पुनर्जीवित करना नौसैनिक परंपरा और सेवा भावना का सम्मान करना है।




#### यह है विशेषता

यह एक ऐसा पोत है जो पानी के भीतर दुश्मन की पनडुब्बियों को तबाह कर सकता है। इसके शामिल होने के साथ ही नौसेना की ताकत में काफी इजाफा हुआ है। करीब 80 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक से बना यह पोत कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसकी लंबाई 77.6 मीटर है और यह 1500 टन वजनी है। इसकी रफ्तार है 25 नॉट यानी 46 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

#### समुद्र में आत्मनिर्भरता का है यह प्रतीक

अंद्रोत आधुनिक हथियारों और संचार प्रणालियों से लेस है। इसमें पनडुब्बियों की पहचान के लिए उन्नत हथियार और सेंसर सूट लगे हैं। साथ ही उथले जल में तेज गति से संचालन के लिए इसमें वॉटरजेट प्रणोदन भी है। यह पोत नेटवर्क आधारित नौसैनिक अभियानों हेतु आधुनिक संचार प्रणाली से भी लेस है। अगर इसकी खूबियों की बात करें तो यह पनडुब्बी रोधी युद्ध, समुद्री निगरानी और गश्त, खोजबीन व बचाव अभियान के अलावा तटीय रक्षा में सक्षम है। इसकी ये क्षमताएं इसे ऐसे तटीय अभियानों के लिए उपयोगी बनाती हैं जहां बड़े युद्धपोत सीमित मात्रा में होते हैं। यह पोत स्वदेशी नौसैनिक जहाज निर्माण में देश की प्रगति का प्रतीक है। यानी यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत पहल को रेखांकित करता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आईएनएस अंद्रोत के नौसेना में शामिल होने से भारत की समुद्री सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी। समुद्र के नीचे छिपे खतरों से यह देश को एक मजबूत रक्षा कवच प्रदान करता है।

*नाराज मणिपुर विधायक ने कहा*

# 'भाजपा विधायक बने रहने का कोई मतलब नहीं'

एजेंसी ▶▶| इंफाल

सरकार गठन के मसले पर मणिपुर के एक विधायक ने कहा कि भाजपा नेतृत्व अगर उन्हें मिलने का समय नहीं देता है तो विधायक पद से इस्तीफा देने पर विचार करूंगा। मणिपुर के भाजपा विधायक टी श्यामकुमार ने कहा कि अगर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें मिलने का समय देने में विफल रहता है तो वह विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बारे में सोचने पर मजबूर हो जाएंगे।

नयी दिल्ली रवाना होने से पहले इंफाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए एंड्रो निर्वाचन क्षेत्र के



विधायक ने कहा, 'अगर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व हमें मिलने का समय नहीं देता है, तो भाजपा विधायक बने रहने का कोई मतलब नहीं है और इस्तीफा देना होगा।' श्यामकुमार ने कहा, 'अगर केंद्रीय नेता मणिपुर में सरकार बनाने पर सहमत नहीं होते हैं तो हमें अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा।'

# नया शिखर : सोना 9,700 रुपए उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी 1.57 लाख के ऊपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया।

इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ी

*शुल्क विवाद, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ब्याज दर कटौती और अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने जैसी अस्थिरताओं ने सोने-चांदी की कीमतों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर में कमजोरी, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, गोल्ड-ईटीएफ की बढ़ती मांग और खुदरा निवेशकों की रुचि ने एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ा दी।*

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना दो फीसदी चढ़ा



**आवश्यकता है**-रेडीमेड शोरूम में काम करने हेतु अनुभवी सेल्सगर्ल की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजलक्ष्मी गर्ल्स एण्ड किड्स वियर सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9977408030 (38836)

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित कम्पनी को पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर (38823)

**आवश्यकता है**-महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय पानी पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR THR JOINTS की सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco I10 Nexon चलाने वेतन- 8000 से 30000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 93266 09234 (38817)

**आवश्यकता है**-रेडिमेड कपड़ा शोरूम में बच्चो का एवं मेन्स वीयर काउंटर संभालने हेतु 3वर्ष अनुभवी युवक सेल्समैन चाहिये वेतन 10000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (38822)

**आवश्यकता है**-मेडिकल/ इलेक्ट्रीकल एजेन्सी में काम करने हेतु मार्केटिंग सेल्स कम्प्यूटर आपरेटर एवं आफिस गोडाउन शोरूम में काम करने हेतु कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- गणपति ट्रेडर्स मंगला चौक बिलासपुर 92016 66660 (38812)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल दुकान में काम करने हेतु चार सामान्य लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गौरव इलेक्ट्रीकल्स एण्ड फैन्सी लाइट्स, संजय तरण पुष्कर के पास मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 07752420149 (38837)

**आवश्यकता है**-सलवार सूट लहंगा ब्लाउज गाउन सिलाई करने वाले महिला एवं पुरुष की आवश्यकता है वेतन 25000 से 30000 सम्पर्क करें- परफेक्ट बुटिक मुंगेली नाका बिलासपुर 7389444785 (38828)

**आवश्यकता है**-श्याम इन्टरप्राइजेज में पैकिंग कार्य, कॉपी बनाने अन्य कार्य हेतु लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am to 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 75872 03133 (38824)

**आवश्यकता है**-बिजली का काम करने इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर दुकान कार्य के लिए लडके, लड़की, डाटा एंट्री हेतु स्टाफ चाहिए सम्पर्क करे- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21, नेताजी कॉम्प्लेक्स मन्दिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 93015 86381, 9827181236 (38826)

**आवश्यकता है**-साईड में सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता 5वर्ष साईड वर्क, इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करें 8269208555 (38820)

**आवश्यकता है**-रियल स्टेट के लिए टेलीकॉलिंग कार्य के अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- शुभम श्रीवास्तव, उस्लापुर 9111880000 (38815)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर के बहू प्रतिष्ठित संस्थानों में भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड एवं पशु चिकित्सालय में काम करने, पशुओं की देखभाल करने हेतु 30 कर्मचारी की आवश्यकता है PF, ESIC इत्यादि। सम्पर्क करें- रिलायबल सर्विसेज जी 18 ग्राउण्ड फ्लोर अम्बे प्लाजा हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 99816 14171, 9202580757, 9522250437 (38846)

**आवश्यकता है**-सीएसडी कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर 22000/- असिस्टेंट मैनेजर 21000/- अकाउंट क्लर्क/ ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए मैनेजर 21000/- रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए स्टोर होल्डर 18000/- बिलिंग क्लर्क/बिल चेकर/ एमटीएस 15000/- सफाईकर्मी 10700/- आवेदन ईमेल करें-hqcosaurc 1985@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosara ipururc.in पर विजिट करें सम्पर्क- 9685726593 (305)

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 1270 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही रिटायर फौजी सैलरी 25500+ 52500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा 7054311719 (1183)

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू 8वीं से ग्रेजुएट पास लड़के, लड़कियां 24500-64500 महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना, खाना, फंड, बोनस सम्पर्क करें- 9205091963 (1182)

**आवश्यकता है**-टेरेस गार्डन रेस्टोरेन्ट में काम करने हेतु चाइनीस कॉन्टीनेंटल कुक की आवश्यकता है अनुभव 2वर्ष से ऊपर पेमेन्ट 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 9977861508 (38827)

**आवश्यकता है**-इंदौर, भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 98930 29618, 9685913389 (418)

## बेचना

**बेचना है**-बिलासपुर प्राइम लोकेशन नेहरू नगर स्मार्ट रोड से 50मी. सेमीकमर्शियल 600 sqft जमीन पर 3मंजिला 2000 sqft बना नक्शा पास स्वतंत्र बिल्डिंग सामने एवं पीछे से सीढ़ी, अलग से दो कार पार्किंग की जगह बेचना है। सीए ऑफिस, एडवोकेट चेम्बर कॉरपोरेट ऑफिस, कम्प्यूटर क्लासेस, नीचे आफिस ऊपर रेसिडेंस हेतु अतिउत्तम सम्पर्क- Ghosh Associates 9425220523, 98933 86286 (38832)

**बेचना है**-महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 6265041277, 84619 97770 (38825)

**बेचना है**-परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

**बेचना है**-सरकण्डा में ईश्वर पेट्रोल पम्प से 200मी. दूर खमतराई रोड पर 7900 वर्गफुट, फ्रंट 55, गहराई 145 फुट डायवर्टेड प्लाट एकमुश्त बेचना है खरीददार समय 11-1 तक सम्पर्क करें- 99935 53322 (38850)

**बेचना है**-मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

**बेचना है**-शिवम रेसीडेंसी नेहरू नगर 3BHK फ्लैट 46लाख) (जूना बिलासपुर मेन रोड डबल स्टोरी दुकान 86लाख) (पाम इंक्लेव सरकंडा 3BHK फ्लैट) (प्रताप चौक दुकान 25लाख) सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452, 93006 25174 (38819)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## फायनेंस

**फायनेंस**-जनकल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें-9289384524 (304)

## व्यापार

**व्यापार**-जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE (10X1 FIX SIZE)

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को हराया

**लंदन।** एर्लिंग हैलेंड के मौजूदा सत्र के नौवें प्रीमियर लीग गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हरा दिया। हैलेंड प्रीमियर लीग फुटबॉल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मैनचेस्टर सिटी को हालांकि पहले हाफ में उस समय झटका लगा जब रोड्री दाएं पैर में चोट के कारण मैच से बाहर हो गए। इस जीत से सिटी की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से तीन अंक पीछे है। क्रिस्टल पैलेस को एवर्टन के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 19 मैच से अजेय रहने का उसका रिकॉर्ड क्रम टूट गया। क्रिस्टल पैलेस की टीम इससे पहले कभी इतने मैच में अजेय नहीं रही। क्रिस्टल पैलेस की 16 अप्रैल 2025 के बाद यह पहली हार है।


हैलेंड प्रीमियर लीग



# बार्सीलोना की लगातार दूसरी हार

**मैड्रिड।** बार्सीलोना को स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सीलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सीलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रियाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है, जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

स्पेनिश फुटबॉल लीग



# पेनल्टी गोल करने से चूके पुलिसिच

**रोम।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए, जिससे एसी मिलान को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया। पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था।

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट



## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते सेंथिलकुमार, चोटरानी

**न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा को फटकार



**कोलंबो।** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया।

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत का बेहतरीन प्रदर्शन, 22 पदक, 30 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, तालिका में 10वां स्थान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। मेजबान भारत ने इसमें कुल 22 मेडल अपने नाम किए, जिसके दम पर वो मेडल तालिका में 10वें स्थान पर रहा। आखिरी दिन चार पदक जीतने के बावजूद तालिका में स्थान के लिहाज से ये उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं रहा। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सीजन में कोबे में रहा था। वह कुल 7 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### भारत रहा दसवें स्थान पर

वहीं आखिरी दिन से पहले कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहा था, जिनके पास 6-6 गोल्ड मेडल थे। हालांकि, टॉप पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन गोल्ड जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन गोल्ड जीतकर टॉप पांच में जगह बनाई। जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।



### भारत ने तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

*वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ 64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले गोल्ड मेडल विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकार एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की*



*दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।*

### गोल्ड मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन गोल्ड | - महिला 100मीटर टी12 |
| शैलेश कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी63 |
| रिंकू हुड्डा | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |
| सुमित अंतिल | - फुरुष भाला फेंक एफ64 |
| संदीप सर्गर | - पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| निषाद कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी47 |

### सिल्वर मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन शर्मा | - महिला 200 मीटर टी12 |
| प्रीति पाल | - महिला 200 मीटर टी35 |
| एकता भयान | - महिला क्लब थ्रो एफ51 |
| दीप्ति जीवनजी | - महिला 400 मीटर टी20 |
| नवदीप सिंह | - पुरुष भाला फेंक एफ41 |
| धरमबीर नैन | - पुरुष क्लब थ्रो एफ51 |
| संदीप | -पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| योगेश कथुनिया | - पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |

### ब्रॉन्ज मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| संदीप | पुरुष 200 मीटर टी44 |
| सोमन राणा | पुरुष गोला फेंक एफ57 |
| प्रवीण कुमार | पुरुष ऊंची कूद टी64 |
| प्रीति पाल | महिला 200 मीटर टी35 |
| प्रदीप कुमार | पुरुष चक्का फेंक एफ44 |
| अतुल कौशिक | पुरुष चक्का फेंक एफ57 |
| वरुण सिंह भाटी | पुरुष ऊंची कूद टी63 |

पैरा बैडमिंटन

# अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में प्रमोद ने जीते तीन गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा।

सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला, जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता।

### सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से पदयात्रा

*नई दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने ध्यानचंद स्टेडियम में 'सरदार@150' एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, 'सरदार@150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है।'*

# साउथ अफ्रीका की धमाकेदार जीत, न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया, तजमिन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**इंदौर।** साउथ अफ्रीका ने महिला वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इंदौर में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम पहले बैटिंग करते हुए 231 रन पर ढेर हो गई। उसकी तरफ से कप्तान सॉफी डिवाइन ने सर्वाधिक 85 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स (101) के शतक और सुन लुस के नाबाद 83 रन के दम पर 40.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रिट्स ने साल 2025 में पांचवां शतक लगाया। यह महिला वनडे क्रिकेट में रिकॉर्ड है।

### साउथ अफ्रीका की वर्ल्ड कप में पहली जीत

साउथ अफ्रीका की महिला वर्ल्ड कप 2025 में यह पहली जीत है। उसे इंग्लैंड के सामने पहले मुकाबले में करारी शिकस्त मिली थी। वहीं न्यूजीलैंड को लगातार दूसरी हार मिली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उसे मात दी थी। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने मैच की पहली गेंद पर ही सूजी बेट्स को गंवा दिया, जो मारिजान कैप की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गई। अमीलिया ने तीसरे नंबर पर आकर 23 रन की पारी खेली। उनके और जॉर्जिया प्लिमर के बीच दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। प्लिमर और कप्तान डिवाइन ने 57 रन तीसरे विकेट के लिए जोड़े। 68 गेंद में चार चौकों से 31 रन बनाने के बाद प्लिमर आउट हो गई।

### न्यूजीलैंड के 44 रन में गिरे 7 विकेट

अब डिवाइन और ब्रूक हैलिडे साथ थी। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 86 रन का पार्टनरशिप करते हुए टीम को बड़े स्कोर की राह पर डाल दिया। लेकिन हैलिडे के 45 रन बनाकर आउट होने के बाद न्यूजीलैंड की बैटिंग ढह गई। 44 रन में सात विकेट गिरे, जिससे टीम 231 पर ढेर हो गई। साउथ अफ्रीका की ओर से नोन्कुलुलेको मलाबा ने सबसे ज्यादा चार शिकार किए।

**ब्रिट्स का रिकॉर्ड तोड़ शतक :** लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीकी कप्तान लॉरा वूलवार्ट 14 रन बनाकर जल्द ही आउट हो गई।

### भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलेंगे लंका प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे, जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतररराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारुप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## एनएसए कार कप ...



**कॉनकॉर्ड।** चार्लोट मोटर स्पीडवे पर एनएसए कार कप सीरीज ऑटो रेस जीतने के बाद विक्ट्री लेन में ट्राफी के साथ जश्न मनाते हुए शेन वैन गिस्बर्गेन।

## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6011



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 6010 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | या | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 6021

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6020 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |




## लॉटरी में जीते 11 करोड़ 90 लाख रुपए तो 3 महीने लगातार करता रहा पार्टी



**लंदन।** पैसा आने पर अक्सर लोगों की ज़िंदगी बदल जाती है, लेकिन ब्रिटेन के एक शख्स के लिए यह बदलाव लगभग जानलेवा साबित हुआ। नॉर्विच के रहने वाले 39 वर्षीय एडम लोपेज ने तीन महीने पहले 1 मिलियन (लगभग 11 करोड़ 90 लाख ) की लॉटरी स्क्रैचकार्ड पर जीती थी। अपनी इस बड़ी जीत के बाद एडम ने अपनी नौकरी छोड़ दी और लाइफ को एन्जॉय करने लगे। वो हर दिन पार्टी करते थे और इधर से उधर घूमते रहते थे। उन्होंने कबूल किया कि जुलाई में इस लॉटरी को जीतने के बाद उनकी ज़िंदगी एक 'रोलरकोस्टर' बन गई थी। एडम ने कहा, 'मेरा बैंक बैलेंस 12.40 से बढ़कर 11 करोड़ 90 लाख हो गया।' लेकिन, यह खुशी ज़्यादा दिन नहीं चली। बेतहाशा पार्टी और लाइफ एन्जॉय करने के चक्कर में उनकी ज़िंदगी में ऐसा भयंकर तूफान आया, जिसने सबकुछ उलट-पलट कर दिया।

**गलत रास्ते पर चले गए :** मामला बीते 10 सितंबर का है। बिगड़ती तबीयत को देखने के बाद तुरंत उन्हें एम्बुलेंस से नॉर्फॉक और नॉर्विच यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें बाइलेटरल पल्मोनरी एम्बोलिज्म हो गया था, जिसका मतलब है कि उनके पैर में जमा हुआ ब्लड क्लॉट फैलकर फेफड़ों तक पहुंच गया था। यह सुनकर एडम को गहरा झटका लगा। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि मैं जो कर रहा हूं, उसका अंत होगा, लेकिन इतने भयावह तरीके से? ऐसा नहीं सोचा था।

### ज़िंदगी का सबसे बड़ा बदलाव लाने वाला पल

हॉस्पिटल में साढ़े आठ दिन बिताने के बाद उन्होंने अपनी भयानक आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया, 'मैं न तो चल पा रहा था और ना ही सांस ले पा रहा था। जब मैं एम्बुलेंस में लेटा हुआ था और सायरन की आवाज सुन रहा था, तब मुझे एहसास हुआ कि यह मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा बदलाव लाने वाला पल है। इतने मुश्किल वक्त से गुजरने के बाद उन्होंने अपनी जान बचाने वाले मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया किया।

## इस हिरण की नाभि में छुपा बेशकीमती खजाना, जिसकी खुशबू बनाती है सभी को दीवाना

एजेंसी ▶▶| देहरादून

आपने कई तरह के परफ्यूम का इस्तेमाल किया होगा, जो फूलों या पौधों के अर्क से तैयार किए जाते हैं। लेकिन, एक खास परफ्यूम ऐसा भी है, जिसकी खुशबू एक विशेष प्रजाति के हिरण से निकलने वाली कस्तूरी से आती है। इस हिरण को कस्तूरी मृग या हिमालयन मस्क डियर कहा जाता है, जो उत्तराखंड का राज्य पशु है। किताबों में इसका जिक्र मिलता है। आपने दोहा पढ़ा होगा—'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन माहि... ऐसे घटी-घटी राम है, दुनिया देखत नाहि।' कस्तूरी मृग की नाभि के पास एक थैलीनुमा आकृति होती है, जिसमें से बेशकीमती कस्तूरी निकलती है। यह महंगे इत्र और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने में उपयोगी होती है। इसी कारण इसकी अवैध तस्करी के मामले भी कई बार सामने आते हैं। जानकारों के मुताबिक कस्तूरी मृग की सुनने की शक्ति बेहद प्रखर होती है, जो इसे दुनिया के अन्य जानवरों से अलग बनाती है। इसकी बॉडी पर भी विविधता देखने को मिलती है। इस मृग के पेट और कमर के निचले हिस्से का रंग सफेद होता है, जबकि बाकी का हिस्सा कत्थई भूरे रंग का होता है।

### दमा, मिर्गी की दवाइयां बनाने में किया जाता है उपयोग

कस्तूरी मृग के शरीर का ऊपरी भाग सुनहरा, हल्का पीला और नारंगी रंग का होता है। इनकी कमर और पीठ पर रंगीन धब्बे पाए जाते हैं। इनके बाल बेहद घने होते हैं, जिनका निचला आधा हिस्सा सफेद होता है। ये बाल सीधे होते हैं और छूने पर मुलायम महसूस होते हैं। उत्तराखंड राज्य पशु कस्तूरी मृग प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर और बेहद फुर्तीला जानवर है। इसकी कस्तूरी का उपयोग दमा, मिर्गी और निमोनिया जैसी बीमारियों की दवाइयां बनाने में किया जाता है। इसकी खासियत यह भी है कि नाभि के पास पाई जाने वाली कस्तूरी से बनने वाला इत्र अपनी मदहोश कर देने वाली खुशबू के लिए दुनिया भर में मशहूर है।



### केवल नर हिरण में पाई जाती है कस्तूरी

मादा कस्तूरी मृग में कस्तूरी नहीं पाई जाती, यह केवल नर हिरण में होती है। एक हिरण की नाभि से लगभग 25 से 30 ग्राम कस्तूरी प्राप्त की जा सकती है। कस्तूरी अंडाकार आकार की होती है, जिसकी लंबाई लगभग 3 से 7.5 सेंटीमीटर और चौड़ाई 2.5 से 5 सेंटीमीटर तक होती है। नर कस्तूरी हिरण में पाई जाने वाली कस्तूरी मादा हिरण को आकर्षित करती है। वहीं, नर हिरण भी इसकी सुगंध को पहचान तो लेता है ,लेकिन यह समझ नहीं पाता कि खुशबू कहां से आ रही है, जिसके कारण वह पूरे जंगल में उसे खोजता रहता है।

## सूरज अगर 1 करोड़ किमी खिसक जाए तो धरती पर मचेगा कोहराम

**वॉशिंगटन।** सूरज और पृथ्वी की दूरी ही पृथ्वी को रहने लायक जोन बनाती है। ऐसे में अगर अचानक सूर्य को पृथ्वी के 1 करोड़ किलोमीटर करीब ला दिया जाए, तो इसका नतीजा पूरी धरती के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक बन जाएगा। यह बदलाव पृथ्वी को रहने लायक जोन से बाहर कर देगा, जिससे भयानक क्लाइमेट चेंज और वार्मिंग का दौर शुरू हो जाएगा।

### भयानक गर्मी और क्लाइमेट चेंज

अगर सूरज और पृथ्वी करीब आ जाए, तो धरती पर भयानक गर्मी और क्लाइमेट चेंज शुरू हो जाएगा। पृथ्वी पर सूरज की रोशनी लगभग 15% ज्यादा हो जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि औसत तापमान करीब 9C (लगभग 16.2F) तक बढ़ जाएगा। ऐसे में यह इकोसिस्टम को खत्म करने की स्थिति में आ सकता है, क्योंकि सिर्फ 1 या 2 डिग्री तापमान बढ़ने से क्लाइमेट क्राइसिस पैदा हो सकता है। तो 9C के बढ़ने पर पूरी धरती का वातावरण अस्थिर हो जाएगा।

**उबलता समुद्र :** गर्मी बढ़ने से समुद्र, नदी, जैसे वाटर बॉडी गर्म हो जाए, जिससे समुद्र उबलने लगेगा और समुद्री जीवन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। हवा में भारी मात्रा में वाटर वेपर होगा, जिससे भारी तूफान, बाढ़ और मूसलाधार बारिश की स्थिति पैदा होगी।


### पल में भस्म हो जाएंगे इंसान?



### रनअवे ग्रीनहाउस इफेक्ट

सूरज और पृथ्वी के 1 करोड़ किलोमीटर करीब आने पर पृथ्वी में रनअवे ग्रीनहाउस इफेक्ट जैसी हालात पैदा हो जाएगी। टेंपरेचर का बढ़ना पृथ्वी पर एक दुष्चक्र का कारण बन जाएगा। जैसे-जैसे धरती गर्म होती, वैसे-वैसे पोलर आइस कैप्स पिघल जाएंगी और समुद्र का पानी तेजी से भाप बनकर उड़ने लगेगा। वातावरण में फंसी ये भाप और ज्यादा गर्मी बढ़ाएगी। यह तब तक चलता रहेगा, जब तक धरती 'वीनस' की तरह पूरी तरह गर्म और ड्राई न हो जाए, जहां जीवन संभव नहीं है।

### गुरुत्वाकर्षण और ऑर्बिट चेंज



सूरज के पृथ्वी से नजदीक होने का असर इतना भव्य होगा, कि इसका प्रभाव गुरुत्वाकर्षण और ऑर्बिट चेंज पर भी पड़ सकता है। सूरज के पास आने से सूर्य की गुरुत्वाकर्षण शक्ति और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि पृथ्वी और ज्यादा तेजी से धूमेगी, जिससे साल के दिन 365 से घटकर लगभग 338 हो जाएंगे। इसके कारण समुद्रों में भयंकर टाइड तबाही मचा सकते हैं। इसके साथ-साथ दूसरे प्लेनेट्स के ऑर्बिट भी बदल जाएंगे।

### बड़े पैमाने पर प्रजातियों का अंत

बहुत ज्यादा गर्मी होने से धरती पर बैलेंस पूरी तरह से बिगड़ जाएगा। ज्यादातर पेड़-पौधे और जानवर इतनी गर्मी को सह नहीं पाएगा। इससे बहुत सारी प्रजातियां एकमत खत्म हो जाएगी। केवल कुछ माइक्रो-ऑर्गेनिज्म जी पाएंगे, जो इन टेंपरेचर को सह पाएं। इंसानों के साथ ज्यादातर जीव का अस्तित्व पृथ्वी पर खत्म हो जाएगा।

## अटलांटिक महासागर से मैक्सिको तक दिखी 8850 किलोमीटर लम्बी शैवाल

**फ्लोरिडा ।** वैज्ञानिक अपनी खोजों से हर किसी को हैरान करते रहते हैं, अब वैज्ञानिकों ने पाया है कि बीते 15 सालों से समुद्र में शैवालों की एक पट्टी बढ़ रही है। ये अंतरिक्ष से देखने पर ये अफ्रीका के पश्चिमी तट को मेक्सिको की खाड़ी से जोड़ने वाले एक विशाल भूरे 'रिबन' जैसी दिखती है। इसे ग्रेट अटलांटिक सार्गासम बेल्ट कहते हैं। पहले ये सार्गासो सागर तक सीमित थी, लेकिन अब लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह से वैज्ञानिक भी चिंतित हो गए हैं।

**बढ़ रही है रिबन :** एक रिपोर्ट के मुताबिक ये रस्सी 2011 से लगातार बढ़ रही है और अब यह 8850 किमी लंबी हो गई है, इसका वजन भी 37.5 मिलियन टन हो गया है। साथ ही बता दें कि इसकी



चौड़ाई अमेरिका महाद्वीप से दोगुना हो गया है। सार्गासम आमतौर पर सार्गासो सागर के गर्म और खारे पानी में पाया जाता है। हालांकि, अब ये ऐसे पानी में फैल रहा है जो पोषक तत्वों से भरपूर हों। अब खेतों का गंदा पानी, अपशिष्ट जल और हवा से पोषक तत्व समंदर से जा रहे हैं, अमेजन नदियों के माध्यम से भी पोषक तत्व नदी में आ रहे हैं।

### क्यों बढ़ रही शैवाल?

इसे लेकर फ्लोरिडा अटलांटिक विश्वविद्यालय के हार्बर ब्रांच ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए हानिकारक शैवाल नामक एक वैज्ञानिक अध्ययन से पता चलता है कि 1980 और 2020 के बीच, सार्गासम ऊतक में नाइट्रोजन की मात्रा 55 प्रतिशत और नाइट्रोजन-फॉस्फोरस अनुपात में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई. अमेजन नदी विशेष रूप से पोषक तत्वों को बढ़ाने में योगदान दे रही है।




### कस्टम मिलिंग घोटाला

## टूटेजा, ढेबर के खिलाफ ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश किया डेढ़ हजार पन्नों का पूरक चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित 147 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में अनवर ढेबर तथा पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा के खिलाफ डेढ़ हजार पन्नों का पूरक चालन पेश किया है।

- कस्टम मिलिंग घोटाला में पहला पूरक चालान

ढेबर तथा टूटेजा शराब घोटाला सहित कई अन्य घोटालों में केंद्रीय जेल रायपुर में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। इसके पूर्व फरवरी 2025 में राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर और मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी के खिलाफ ईओडब्ल्यू के कस्टम मिलिंग स्कैम में चालान पेश कर चुकी है। चालान में दोनों आरोपियों के खिलाफ ईओडब्लू ने आरोप लगाया गया है कि अनिल टूटेजा द्वारा छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र कर कस्टम मिलिंग स्कैम में राइस मिलरों से अवैध वसूली की। अवैध वसूली से असम्यक लाभ कम से कम 20 करोड़ रुपए प्राप्त किया है। राइस मिलरों से अवैध वसूली करने के लिए मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाया जाता था, जिससे कि राइस मिलर दबाव में आकर 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अवैध धनराशि देते थे।

### राजनीतिक रसूख का लाभ उठाया

ईओडब्लू के आरोपों के मुताबिक अनवर ढेबर वर्ष 2022-23 में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति थे। आयकर विभाग के छापे के दौरान प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों से यह प्रमाण मिले हैं। अनवर के खिलाफ केवल शराब घोटाला के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी और वन विभाग पर भी गहरा एवं प्रत्यक्ष प्रभाव था। अनवर द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में अनिल टूटेजा के लिए राइस मिलरों से की गई अवैध वसूली का संग्रहण, व्यय, निवेश एवं उपभोग करने के आरोप है।

## दुनिया की सबसे खतरनाक क्रिकेट पिच पहाड़ की चोटी पर खेलते दिखे लोग

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को भारत में एक धर्म की तरह माना जाता है और यह जुनून लोगों को सबसे खतरनाक जगहों पर भी इस खेल को खेलने के लिए मजबूर कर देता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे। इस वीडियो में कुछ उत्साही खिलाड़ी एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर बने क्रिकेट पिच पर खेल रहे हैं। यह पिच देखने में बेहद खतरनाक लग रही है, जहां जरा सी चूक होने पर गेंद के साथ-साथ खिलाड़ी भी सैकड़ों फीट नीचे गिर सकते हैं।

## तिथि में वृद्धि, लेकिन असाइनमेंट जमा करने वाले विद्यार्थी ही भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन प्रोग्राम्स के दिसंबर 2025 टर्म एंड एग्जामिनेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 20 अक्टूबर तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके पूर्व छात्रों को 6 अक्टूबर तक फॉर्म भरने की छूट दी गई थी। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार, जो उम्मीदवार समय सीमा से पहले आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे 21 से 26 अक्टूबर तक 1100 रुपए के विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। ऑब्जेक्टिव और डिस्क्रिप्टिव पेपर की जानकारी भी इग्नू द्वारा साझा की गई है। इग्नू ने बताया है कि कुछ विषयों की परीक्षा ऑब्जेक्टिव पैटर्न में होगी। इनमें जो विषय शामिल हैं, उनकी सूची अपलोड कर दी गई है, ताकि विद्यार्थी इसके अनुसार तैयारी कर सकें।

- 6 अक्टूबर थी अंतिम तिथि, अब 20 तक भरे जा सकेंगे परीक्षा फॉर्म

### दिया गया अतिरिक्त मौका

परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को कोर्स के अनुसार निर्धारित समय सीमा में आवश्यक असाइनमेंट जमा किए हो। असाइनमेंट जमा करने के लिए विवि द्वारा पहले ही तिथि में वृद्धि की जा चुकी है। छात्र अब 31 अक्टूबर तक असाइनमेंट जमा कर सकेंगे। कार्यक्रम के प्रावधानों के अनुसार न्यूनतम अध्ययन अवधि पूरी की हो। इग्नू ने यह स्पष्ट किया है कि परीक्षा की तिथि या शिफ्ट के टकराव से जुड़ी शिकायतों पर कुछ स्थितियों में विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई कोर्स एक ही समूह में शामिल है, तो उसकी परीक्षा उसी दिन और समय पर होगी, इसलिए ऐसे मामलों में टकराव मान्य नहीं होगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com